Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 258 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 10 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



यश त्याग से मिलता है, धोखाधड़ी से नहीं।
One can get fame from abatement, not from cheating.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह 14 अप्रैल को राजनांदगांव में जनसभा को करेंगे संबोधित

**रायपुर (विसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के बाद गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री शाह अपने दौरे के दौरान चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह राजनांदगांव लोकसभा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने प्रवास के दौरान राजनांदगांव लोकसभा सीट से प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करेंगे और जनता से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह 13 अप्रैल को दंतेवाड़ा और खैरागढ़ में आमसभा को करेंगे संबोधित

**रायपुर (विसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छोटे आमाबाल में सभा के बाद अब केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की 13 अप्रैल को एक आमसभा बस्तर के दंतेवाड़ा में होगी। राजनाथ सिंह की एक और आमसभा इसी दिन खैरागढ़ में भी होगी। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की दूसरी सभा राजनांदगांव लोकसभा के लिए खैरागढ़ में होगी। यहां पर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं।

### पीलीभीत में प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा में विपक्ष पर बोला हमला

## इंडिया गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी, आज भी है : नरेन्द्र मोदी



**पीलीभीत (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने प्रभु राम का अपमान किया है। उन्हें राम मंदिर से नफरत है। इसी कारण उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पीलीभीत में भाजपा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर विपक्षी गठबंधन पर पीएम मोदी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर इतना भव्य मंदिर बना दिया और जब मंदिर वालों ने आपके सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया, लेकिन आपने (कांग्रेस) आमंत्रण को ठुकरा कर भगवान राम का अपमान किया और जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी ने राम मंदिर के लिए अपना जीवन और सरकार समर्पित कर दी। देश के हर परिवार ने अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार योगदान दिया। लेकिन इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है।

पीएम मोदी ने कहा कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये भी याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। आज देश में जिस शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र लग रहा है। सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही है। विपक्षी गठबंधन भारत को बांटने की साजिश में जुटा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन को देश की महान विभूतियों का अपमान करने में भी संकोच नहीं होता। कांग्रेस के या समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आज तक कभी स्टैच्यू आफ यूनिटी नहीं गए। ये लोग विदेश घूम आते हैं, लेकिन अपने ही देश में सरदार पटेल की प्रतिमा का दर्शन नहीं करते।

## राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में नाम वापसी के बाद अब 46 प्रत्याशी मैदान में

**रायपुर (विसं)।** लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण की प्रदेश की तीन लोकसभा सीट राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में नाम वापसी के बाद कुल 46 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी राजनांदगांव लोकसभा सीट पर मैदान में हैं। प्रदेश निर्वाचन कार्यालय में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया कि सोमवार को नाम वापसी के बाद राजनांदगांव में 19, महासमुंद में 18 और कांकेर में 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। राजनांदगांव में 4, महासमुंद में एक प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। दूसरे चरण की इन तीनों सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। राजनांदगांव से पूर्व सीएम भूपेश बघेल का मुकाबला मौजूदा सांसद संतोष पांडे से है। जबकि महासमुंद में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी से है। इससे परे कांकेर से बीजेपी के भोजराज नाग और कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर के बीच मुकाबला है।

## महाराष्ट्र में एमवीए एकजुट, सीट बंटवारे पर बनी बात

### 21 सीटों पर शिवसेना उद्धव गुट, 10 सीटों पर एनसीपी और 17 सीटों पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में आखिरकार महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग की गुत्थी सुलझ गई। महाविकास अघाड़ी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सीटों के बंटवारे का ऐलान कर दिया।

राज्य में शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट 21, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) 10 और कांग्रेस 17 सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं। उद्धव गुट वाली शिवसेना जलगांव, परभणी, नासिक, पालघर, कल्याण, ठाणे, रायगढ़, मवाल, धाराशिव, रत्नागिरी, बुलढाणा, हातकणंगले, संभाजीनगर, शिरडी, सांगली, हिंगोली, यवतमाल, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई दक्षिण और मुंबई उत्तर पूर्व सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस नंदरबार, धुले, अकोला, अमरावती, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली, चंद्रपुर, नांदेड़, जालना, मुंबई, पुणे, लातूर, सोलापुर, कोल्हापुर, रामटेक और उत्तर मुंबई से अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। इसके अलावा शरद पवार की पार्टी बारामती, शिरपुर, सतारा, भिवंडी, डिंडौरी, माधा, रावेर, वर्धा, अहमदनगर दक्षिण और बीड सीटों से चुनाव लड़ेगी। इसकी घोषणा उद्धव ठाकरे, शरद पवार और पृथ्वीराज चव्हाण ने मीडिया को संबोधित करते हुए की। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रयास लगातार जारी है। लेकिन, हमें ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जनता ने तय कर लिया है कि मैंने जो इस बार तड़ीपार का नारा दिया था, उसको पूरा करना है।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र में आए थे, कल का योग जैसे मैंने कहा ऐसा योग बहुत सालों के बाद आया है। एक तो कल सूर्यग्रहण था, अमावस्या भी थी और पीएम मोदी की सभा भी थी। कल जो उन्होंने भाषण दिया था, वह प्रधानमंत्री का नहीं था। भाजपा के एक नेता नरेंद्र मोदी का था। प्रधानमंत्री अगर एक पार्टी का प्रचार करने लगें तो ये अच्छी बात नहीं होगी। अगर हम उनकी (पीएम मोदी) आलोचना कर रहे हैं, तो ध्यान रहे कि हम देश के प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भ्रष्ट जनता पार्टी यानी भाजपा के एक नेता नरेंद्र मोदी की आलोचना कर रहे हैं।

## पीएम मोदी की 14 अप्रैल को मंगलूरु में चुनावी सभा

**मंगलूरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार 14 अप्रैल को कर्नाटक के मंगलूरु में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश ईकाई के एक नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भाजपा के प्रदेश महासचिव एवं विधायक वी. सुनील कुमार ने बताया कि राज्य में 26 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान को गति देने के लिए मोदी 14 अप्रैल को मंगलूरु पहुंचेंगे और यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को दोपहर तीन बजे मंगलूरु शहर के कुलूर में गोल्ड फिंच सिटी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बाद में वह शाम पांच बजे राज्य की राजधानी के लिए रवाना हो जाएंगे।

## राहुल गांधी ने की महुआ बीनने वाली महिलाओं से चर्चा, उनकी समस्याएं भी जानीं

**भोपाल (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म होने के चलते शहडोल में रात बितानी पड़ी। मंगलवार की सुबह जब राहुल गांधी शहडोल से उमरिया की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें महुआ बिनती महिलाएं दिखीं और उन्होंने अपने वाहन के काफिले को रुकवा कर इन महिलाओं से न केवल चर्चा की, बल्कि उनकी समस्याएं भी जानीं।

राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के प्रवास पर आए थे, मगर हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म होने और मौसम खराब होने के कारण उन्हें रात शहडोल में बिताना पड़ी। मंगलवार की सुबह राहुल गांधी जब सड़क मार्ग से शहडोल से उमरिया की तरह जा रहे थे तभी रास्ते में सड़क किनारे उन्हें महिलाएं महुआ बिनती नजर आईं।

उन्होंने अपने वाहन को रुकवाया और वो सीधे उन महिलाओं के बीच जा पहुंचे जो जंगल में महुआ बीन रही थीं।



## एम्स में एआई की मदद से इमरजेंसी के रोगियों को त्वरित उपचार मिलेगा

**आईआईटी भिलाई ने बनाया हाइब्रिड डिजिटल हैल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म स्मार्ट-ईआर**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गंभीर रूप से बीमार रोगियों की विभिन्न रिपोर्ट का निष्कर्ष और उपचार प्रोटोकॉल अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों को उपलब्ध होगा। आईआईटी भिलाई एम्स के लिए हाइब्रिड डिजिटल हैल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म %स्मार्ट-ईआर% विकसित कर रहा है। इसका पहला चरण ट्रामा एवं इमरजेंसी में सफल रहा तो इसे वृहद स्तर पर एम्स में लागू किया जा सकता है।

इस संबंध में आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश और डीन (रिसर्च) प्रो. संतोष विश्वास ने एम्स के चिकित्सकों के समक्ष इस प्लेटफॉर्म के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत ट्रामा-इमरजेंसी में आने वाले अति गंभीर रोगियों की विभिन्न रिपोर्ट्स जैसे ईसीजी, एसपीओटू, हृद्य गति, शरीर का तापमान आदि महत्वपूर्ण पैरामीटर्स को एआई की मदद से परखा जाएगा। यह प्लेटफॉर्म कुछ ही सेकंड्स में रोगी का संपूर्ण डायग्नोसिस करके उपचार प्रोटोकॉल और उपचार के विभिन्न माध्यम का सुझाव देगा। इस डेटा के आधार पर चिकित्सकों को निर्णय लेने में आसानी हो सकेगी। यह प्लेटफॉर्म क्लिनिकल डिसिजन सपोर्ट सिस्टम के रूप में कार्य करेगा। अंतिम निर्णय चिकित्सकों द्वारा ही लिया जाएगा। आईआईटी और एम्स के विशेषज्ञ इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। एक बार पूरी तरह विकसित हो जाने के बाद इसकी सहायता से दूरस्थ क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन और वीडियो कांफ्रेंसिंग की मदद से रोगियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सकेगा। एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने आईआईटी के साथ की गई इस पहल का स्वागत करते हुए इसे रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस माध्यम के विधिक पहलुओं और चिकित्सकों की भूमिका को स्पष्ट करने का भी सुझाव दिया। परियोजना समन्वयक डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी का कहना था कि यदि कोई रोगी छाती में दर्द की शिकायत लेकर आता है तो उसके लक्षणों और प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर पता चल सकेगा कि रोगी को हृद्याघात हुआ है या मायोकॉडियल इंफेक्शन से ग्रस्त है। इस आधार पर तुरंत ही उपचार प्रदान किया जा सकेगा।

## अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति-2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा उन्हें (केजरीवाला) गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने के आदेश को वैध ठहराते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया।

उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है। एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का 'उल्लंघन' है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को गृह मंत्रालय ने दी 'जेड प्लस' कैटगरी की सुरक्षा

**आईबी से खतरे का मिला था इनपुट**

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को गृह मंत्रालय ने दी 'जेड प्लस' कैटगरी की सुरक्षा, आईबी से खतरे का मिला था इनपुट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त को 5 श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। दरअसल हाल ही में ढ्ढक्र की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट आई थी जिसके बाद ही गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है।

' कैटगरी सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, एक व्यापक सुरक्षा विवरण तैनात किया गया है। राजीव कुमार की सुरक्षा के लिए ष्टक्रक्कस्न कमांडो समेत कुल 33 सुरक्षाकर्मियों को नियुक्त किया गया है। इसमें सीईसी राजीव कुमार के आवास पर तैनात 10 सशस्त्र स्टैटिक गार्ड, 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने वाले 4 निजी सुरक्षा अधिकारी और तीन शिफ्टों में काम करने वाले 12 सशस्त्र एस्कॉर्ट कमांडो शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हर समय चुनाव आयुक्त की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर शिफ्ट में दो चौकीदार और तीन प्रशिक्षित ड्राइवर स्टैंडबाय पर रहते हैं। राजीव कुमार की सुरक्षा स्थिति बढ़ाने का फैसला लोकसभा चुनाव से पहले चल रहे राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती उथल-पुथल के बीच आया है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस जैसे विपक्षी दल चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

राजीव कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत ढ्ढस् अधिकारी हैं। उन्होंने 15 मई, 2022 को 25 वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था। उन्हें 1 सितंबर, 2020 को निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था।

## प्रदेश में 3320 मतदान केन्द्रों का संचालन करेंगी महिलाएं

### रायपुर में अधिक महिला मतदाता, बस्तर में अधिक मतदाता लिंगानुपात

### दिव्यांग और युवाओं को भी मतदान सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ देश के उन चुनिंदा राज्यों में है जहाँ पुरूषों से ज्यादा महिला मतदाता हैं। प्रदेश में मतदाता लिंगानुपात 1015 है यानी एक हजार पुरूष में एक हजार पंद्रह महिला मतदाता। राज्य में सबसे अधिक महिला मतदाता रायपुर लोकसभा क्षेत्र में है जहाँ 11 लाख 69 हजार 358 महिला मतदाता हैं जबकि मतदाता लिंगानुपात सबसे अधिक बस्तर लोकसभा क्षेत्र का है। यहाँ कुल एक हजार पुरूष मतदाता में 1086 महिला मतदाता हैं। छत्तीसगढ़ की महिलाएं सिर्फ मतदाता के तौर पर ही नहीं बल्कि निर्वाचन कार्य में अपनी मजबूत और अहम भूमिका निभा रहीं हैं। इसी प्रकार निर्वाचन के लिए दिव्यांग तथा युवा मतदान दलों के जरिए पूरे निर्वाचन को स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप में संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है।




लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रदेश में तीन चरणों में मतदान होंगे। शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश में कुल 24,229 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 3320 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जहाँ पूरी तरह महिला मतदान कर्मी ही मतदान संपन्न कराएंगी। दल के सभी चारों सदस्य महिला होंगी। इसी प्रकार 90 दिव्यांग तथा 387 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जहां सिर्फ युवा मतदान कर्मी ही कार्य करेंगे , इसी प्रकार प्रदेश में 450 आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाए जा रहे हैं।

पहले चरण में जहाँ बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव होना है वहाँ प्रदेश में सबसे अधिक मतदाता लिंगानुपात है। यहाँ 14 लाख 72 हजार 207 मतदाताओं में 7 लाख 71 हजार 679 महिला मतदाता हैं जो कुल मतदाताओं का 52 प्रतिशत है। बस्तर में कुल 1961 मतदान केन्द्रों में से 191 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं 36 युवा तथा 08 दिव्यांग मतदान केन्द्र निर्धारित किया गया है। बस्तर जैसे दुर्गम तथा माओवाद प्रभावित क्षेत्र में जिस प्रकार से महिला अधिकारी कर्मचारियों ने साहसपूर्वक निर्वाचन कार्य को पूरा करने निर्णय लिया है वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा है।


प्रदेश में महिला मतदाता और मतदान दलों के अतिरिक्त प्रदेश की महिला अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में निर्वाचन में शामिल हो रही हैं। प्रदेश में तीन चरणों में हो रहे निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की जिन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है वो भी महिला ही हैं। निर्वाचन की व्यापक तैयारी और इसके सफल संचालन के लिए महिला अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहीं हैं। प्रदेश में निर्वाचन कार्य के सफल संचालन का दायित्व भी वरिष्ठ महिला ढ्ढस् अधिकारी के कंधों पर है। इनके अलावा 01 रिटर्निंग अधिकारी 17 सहायक रिटर्निंग अधिकारी समेत 13,500 महिला मतदान कर्मी भी शामिल हैं। मतदान दल में 3320 पीठासीन अधिकारी के अलावा सहायक पीठासीन अधिकारी प्रदेश में निर्वाचन को सुगमता से संपन्न कराने में पूरी तत्परता से जुटी हुई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में सीईओ के अतिरिक्त सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ,संयुक्त संचालक ,उप संचालक समेत अनेक संकायों में महिलाएं पूरी तन्मयता से कार्य कर रहीं हैं। मीडिया मॉनिटरिंग सेल में कार्यरत लोगों में अधिकांश महिलाएं हैं वहीं राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति में भी महिला अधिकारी बड़ी कुशलता से निर्वाचन के कार्यों को संपन्न कर रहीं हैं।

## फिनलैंड के दम्पति ने डलमऊ में कहा- अद्भुत भारत

**डलमऊ, रायबरेली (आरएनएस)।** फिनलैंड के दम्पति ने डलमऊ गंगा तट पर समय बिताने के बाद भारत को अद्भुत बताते हुए सराहना की।

मंगलवार दोपहर को डलमऊ के श्मशान घाट के पास राफटिंग करते हुए दो विदेशियों को देखकर लोगों में अचानक से कौतूहल का विषय बन गया। लोगों की भीड़ देख विदेशी सैलानियों ने अपनी बोट को तट के किनारे ले आये। वहाँ उतरकर उन्होंने गंगा के तट पर बनी दुकान पर तीर्थ पुरोहित के साथ यात्रा से सम्बंधित सामान व पानी भी लिया। दैनिक अमर भारती के संवाददाता से बात करते हुए फ़िनलैंड के नागरिक इका ने बताया कि वह अपनी पत्नी मीना के साथ 21 दिन पहले राफ्टिंग करते हुए वाटर वोट से वाराणसी के लिए निकले हैं। रास्ते में कई छोटे बड़े शहरों में वह रुके, इका ने कहा कि मथुरा में होली देखकर वह बहुत रोमांचित थे।



# संक्षिप्त समाचार

## जेल में परिरुद्ध 60 बंदियों का किया गया आयुर्वेदिक पद्धति से ईलाज



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला जेल बलौदाबाजार में परिरुद्ध 60 बंदियों का मंगलवार को आयुर्वेदिक पद्धति से ईलाज किया गया। बंदियों एवं जेल स्टाफ का पुराना सर्दी, खांसी, चार्म रोग, उदररोग, ब्लड प्रेशर, शुगर का आयुर्वेद पद्धति से रहन-सहन, खान-पान, पथ्य-अपथ्य की जानकारी एवं दवाई दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने बताया कि संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के जेलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर परिरुद्ध बंदियों के समुचित उपचार व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। चिकित्सा निदान में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एलएस ध्रुव, फार्मासिस्ट विनोद कुर्रे, औषधालय सेवक योगेंद्र गेंदरे शामिल थे।

## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सिंधी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में सिंधी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा चैट्रीचंड के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा कार्यक्रम हेतु राज्यपाल को आमंत्रण दिया। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री महेश दरयानी, श्री अमित चिमनानी सहित समाज के अन्य प्रतिनिधी उपस्थित थे।

## आचार संहिता लगने के बाद से अब तक 10 करोड़ 50 लाख कैश जब्त किया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने मंगलवार को एक प्रेसवार्ता लेकर आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित जानकारियां मिडिया को दी। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद से अब तक 10 करोड़ 50 लाख कैश जब्त किया गया है साथ 33591.33 लीटर मदिरा तथा 2371.54 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण हेतु तीन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों 6-राजनांदगांव, 9-महासमुंद एवं 11-कांकेर में नाम निर्देशन पत्र वापस करने की अंतिम तिथि 08 अप्रैल 2024 थी। प्रथम एवं द्वितीय चरण हेतु अंतिम रूप से प्राप्त नामांकन की जानकारी लोकसभा क्षेत्रवार निम्नानुसार है। 2. द्वितीय चरण हेतु 6-राजनांदगांव, 9-महासमुंद एवं 11-कांकेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत 24 विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली दिनांक 04 अप्रैल 2024 को फ्रीज की जा चुकी है। इस चरण में निर्वाचकों की कुल संख्या 52,84,938 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 26,05,350 महिलाओं की संख्या 26,79,528 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 60 है। तीनों लोकसभा के सभी 24 विधानसभा क्षेत्रों की यह अंतिम प्रकाशित नामावली इस कार्यालय की वेबसाईट बमवबीींजजपेहंतीण्दपबण्पद मे होस्ट की जा चुकी है। द्वितीय चरण हेतु मतदान केन्द्रो की कुल संख्या 6567 है, जिसमें 02 सहायक मतदान केन्द्र सम्मिलित है। 3. द्वितीय चरण में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 51,306 है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : सर्व सुविधा युक्त हो मतदान केंद्र : कलेक्टर

**1 मई तक सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के दिए निर्देश**



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन की समय सीमा बैठक संयुक्त जिला कार्यालय में आज आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में जिले के सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर, वेबकास्टिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मतदान दिवस के 7 दिन पूर्व ही 1 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने बैठक में कहा की किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र में कोई तकलीफ नही होनी चाहिए उनकी सुविधाओं को विशेष ध्यान हम सब को रखनी है। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्थापित 205 संगवारी मतदान केंद्र, 4 युवा मतदान केंद्र तथा 4 दिव्यांग मतदान केंद्र के बारे में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने चिन्हांकित मतदान केंद्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्काल करने और विद्युत सेवा बाधित मतदान केन्द्रों में विद्युतीकरण को दुरूस्त करने, 505 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक उपकरण लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में वाहन अधिग्रहण करने और उसमें जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होने कहा मई में गर्मी बहुत अधिक रहती है अत: पेयजल के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों में 5 मटकी रखने कहा गया है। साथ ही ड्राय वाले कुछ गांवों में टैंकर की भी व्यवस्था करने कहा गया है। सभी मतदान केंद्रों में शामियाना और टेंट लगाने के भी निर्देशित संबधित अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में 2000 से अधिक मतदाता है वहां प्रसाधन केंद्र पेयजल और छायादार व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही मतदान सामग्री वितरण केंद्र में वितरक टेबलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि मतदान दल सुविधापूर्वक मतदान सामग्री लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकें। इस मौके में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य सभी विभागो के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## आज 101 ट्रैक्टरों के साथ निकाली जाएगी रैली, कलेक्टर एसपी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा के एल चौहान के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत 10 अप्रैल बुधवार को ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा जिसमें 101 ट्रैक्टर भाग लेंगे साथ ही उत्साह वर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होंगे। इस रैली में स्कूली किसान, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही रैली को आकर्षक बनाने के कुछ चयनित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता संबधित झांकियां भी तैयार की गई है। रैली जिला मुख्यालय में पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर, जनपद पंचायत कार्यालय, गार्डन चौक, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक होते हुए लवन रोड की तरफ पनगांव बाय पास से सकरी बाय पास होते हुए पुन: अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, गार्डन चौक, जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में ही समाप्त होगा।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : मीडियाकर्मी डाक मतपत्र से भी कर सकेंगे मतदान

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए अनिवार्य सेवाओं में प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मियों को भी शामिल किया गया है। प्राधिकार पत्र जारी मीडियाकर्मी फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे।

जिले के ऐसे मीडियाकर्मी जिनके नाम लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मीडिया प्राधिकार पत्र के लिए भेजा गया है, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया जाना है। ऐसे प्राधिकार पत्र जारी मीडियाकर्मी जो मतदान दिवस 7 मई को अपने ड्यूटी के कारण मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नही डाल सकते, उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है।ऐसे मीडियाकर्मी प्रारूप 12घ में अपना आवेदन अधिसूचना जारी होने की तिथि 12 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक सम्बंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा कर सकते हैं। प्रारूप 12 घ का आवेदन जिला जनसंपर्क कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्रारूप 12 घ में आवेदन के दौरान मोबाईल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल कमांक सही-सही दर्ज करना अनिवार्य होगा।निर्वाचक नामावली में अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाईन एप्प का उपयोग कर सकते हैं जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है।प्रारूप 12घ में आवेदन के साथ वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान दिवस के पूर्व ही रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये पोस्टल वोटिंग सेंटर में तीन दिन प्रात: 09 से 05 बजे तक संचालित किया जाएगा। जो प्रारूप 12घ में आवेदन करेंगे एवं पात्र पाये जाएंगे वे केवल डाक मतपत्र के माध्यम से पोस्टल वोटिंग सेंटर में ही मतदान कर सकेंगे। उन्हें किसी भी परिस्थिति में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पर वोटिंग की पात्रता नही होगी। पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान हेतु नहीं जा सकने पर वे अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो जायेंगे।

# रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का आईआईटी भिलाई की टीम ने किया स्टडी टूर, देंगे सुझाव

**एमडी अबिनाश मिश्रा की पहल पर आईआईटी तैयार कर रही प्रॉब्लम स्टेटमेंट**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आईआईटी भिलाई की टीम ने रायपुर स्मार्ट सिटी के परियोजनाओं का निरीक्षण भ्रमण कर शहर के यातायात विकास और प्रभाव का आकलन किया।नगर निगम कमिश्नर और स्मार्ट सिटी रायपुर के एम डी श्री अबिनाश मिश्रा की पहल पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्टूडेंट्स पहली बार यहाँ आकर यातायात संबंधी समस्याओं का आकलन कर अपने सुझाव देने यह अध्ययन कर रही है।

आज इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान आईआईटी भिलाई की टीम ने रायपुर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवी चार्जिंग पॉइंट का निरीक्षण किया। आईटीएमएस परियोजना के तहत संचालित आईसीसीसी केंद्र, मल्टी लेवल पार्किंग जयस्तंभ चौक, कलेक्टोरेट चौक, महालक्ष्मी मार्केट पंडरी पार्किंग के साथ-साथ आईटीएमएस परियोजना के तहत स्थापित स्मार्ट पोल, ट्रैफिक सिग्नल, ईसीबी और पर्यावरण सेंसर की जानकारियाँ एकत्र की। इन सभी कार्यों की शहर में उपयोगिता एवं अन्य पहलुओं को सूक्ष्मता से बिंदुवार जानकारी इस टीम ने ली है। समस्याओं की जानकारी लेकर यह संस्थान अपने सुझाव भी देगा। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर इमरान खान, असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, पुष्पेंद्र वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 14 दिनांक 09.04.2024
वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड
वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 36 मांग **पंजी क्र. 432 युआईडी 29880** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **बबिता सोनी / राजू सोनी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **प्रतिभा सिंह / कुणाल कुमार सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09-05-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

Notice is hereby given that pursuant to reconstitution of the partnership firm **M/s SHYAM STEEL INDUSTRIES** on 01st day of april 2024 the title of firm will be renamed from **M/s SHYAM STEEL INDUSTRIES to M/s MAURVI ISPAT** , office address near jagdish ispat , siltara , Raipur (C.G) and **SMT. SHAKUNTALA AGRAWAL, SMT. SHIKHA AGRAWAL and SMT. RAINY AGRAWAL** has retired from the partnership firm w.e.f 01/04/2024 .

Place : Raipur
Date : 09-04-2024

**For, M/s MAURVI ISPAT**
**ALOK AGRAWAL**
**PARTNER**

# कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की पहल से प्राथमिक शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता हेतु अग्रणी संगठनों के साथ कार्य प्रारंभ

**जिले के विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए कलेक्टर रवि मित्तल ने ली बैठक**



**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए यूनिसेफ, प्रथम, ओपन लिंक फाउंडेशन पुणे और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त कार्ययोजना पर बैठक में चर्चा की । वर्तमान शिक्षा सत्र 2024-25 में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में विशेष फोकस करते हुए संयुक्त कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया जाएगा । जिसमे शत प्रतिशत् विद्यार्थियों को अंक ज्ञान व पुस्तक पढ़ने में सक्षम बनाने के साथ ही बच्चों को जीवन कौशल सीखाते हुए उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है । कार्ययोजना में शिक्षकों व कर्मचारियों की ट्रेनिंग, विद्यार्थियों का मूल्यांकन, लर्निंग गैप कम करना व मानिटरिंग शामिल है। बैठक में कलेक्टर ने वर्तमान शिक्षा सत्र में सभी प्रोफेशनल लर्निंग कम्यूनिटी को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। बालबाड़ी में प्राथमिक शिक्षकों के प्रतिदिन जाने के समय का निर्धारण, बिनोबा एप के माध्यम से विद्यार्थी उपस्थिति, शिक्षक उपस्थिति के साथ विद्यार्थियों का स्तर मूल्यांकन व मॉनिटरिंग किये जाने पर बैठक में चर्चा की गई। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को ईसीसीई कोर्स पूर्ण कराने, आंगनबाडी के बच्चों के पालको को परवरिश के चैंपियन किताब पढने एवं हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर विश्वाश राव मस्के, जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.डी. पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर, डी.एम.सी. नरेन्द्र सिन्हा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, सदस्य संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, यूनिसेफ से छाया कुंवर, प्रथम से जितेन्द्र पाल, अजीम प्रेमजी फाउडेशन से मुकेश कुमार और बिनोबा फाउंडेशन से अनिरूद्ध मंचराजू उपस्थित रहे।

## नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्ग (आरएनएस)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है। इस संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन पत्र के वितरण, वितरण के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, अमानत राशि जमा करने इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा अभ्यर्थियों से प्राप्त आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्वाचन कार्यालय से दिए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र के दौरान अधिकारियों को आवश्यक पंजी संधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने नाम निर्देशन पत्र प्रदाय करने के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक जरूरी सावधानी की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्षतापूर्वक जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार/दतरेंगा,** रायपुर में स्थित भवन क्र. **एल.आई.जी.-96, श्री यमुना प्रसाद गुप्ता पिता श्री लखन लाल गुप्ता** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक **5746-47** दिनांक **07.11.2006** द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **11.04.2014** को सेलडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **10.12.2015** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती गुलाब बाई कौशल पति स्व. श्री महाजन कौशल,** निवासी- कौशल पैलेस, म.नं.-2931, सांई नाथ कॉलोनी, गली नं.-3, वार्ड क्र.-20, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, कोटा, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **30.05.2022** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्रीमती गुलाब बाई कौशल पति स्व. श्री महाजन कौशल** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10608/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 09-04-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10608**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802H00017** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. SANJAY. S. PALUWAL S/O SC. PALIWAL 2. RASHI S. PALIWAL W/O SANJAY PALIWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SANJAY. S. PALIWAL S/O SC. PALIWAL 2. RASHI S. PALIWAL W/O SANJAY PALIWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RELIABLE ISPAT UDYOG-PART-ROSHAN NAWAL KISHOR JHA S/O NAWAL KISHOR JHA, SANU KUMAR SINGH S/O NARAYAN SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RELIABLE ISPAT UDYOG-PART-ROSHAN NAWAL KISHOR JHA S/O NAWAL KISHOR JHA, SANU KUMAR SINGH S/O NARAYAN SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित, अटल विहार योजना उरला, भवन क्रमांक **Jr. MIG TYPE-II- 53,** को **श्री भुपेन्द्र केंवट पिता श्री महेश राम केंवट एवं श्री महेश राम केंवट पिता श्री सुखेन्द्र राम केंवट,** पता- ब्लॉक-18, म.नं.-205, दीनदयाल आवास कबीर नगर, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पुर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही पुर्ण कर लिया गया है।

**श्री भुपेन्द्र केंवट पिता श्री महेश राम केंवट** की मृत्यु दिनांक **06.04.2021** को हो गया है। **श्री महेश राम केंवट पिता श्री सुखेन्द्र राम केंवट,** ने अपने पुत्र की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन को **श्री महेश राम केंवट पिता श्री सुखेन्द्र राम केंवट,** के नाम पर यथावत रखने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10520/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 09-04-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10520**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737D00080** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SURAJ PRAKASH RATHI, SMT. KIRAN KABRA S/O LATE RAM VALLABH RATHI, SMT. TARA NEWAR D/O LATE RAM VALLABH RATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ........ के नाम से दर्ज है, जिसको **डॉ. श्रीमती अनुभूति जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री अंकित जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के.डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./10529/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 09-04-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10529**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F01175** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUNARAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MATTURAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANJEEC KUMAR DUBEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O KRISHNA AVTAR DUBEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - (6)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **सड्डू,** रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-822, श्री राजकुमार चंदनानी पिता स्व. श्री चेतनदास चंदनानी** के नाम से नामांतरित है, नामांतरी द्वारा उक्त भवन की **सेलडीड/अनुबंध** दिनांक **27/10/2018** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में नामांतरी **श्री राजकुमार चंदनानी पिता स्व. श्री चेतनदास चंदनानी** निवासी- बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास, कटोरास तालाब रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्री विकास साठे पिता स्व. श्री लक्ष्मण राव साठे** निवासी- म.नं.-176, सेक्टर-02, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) को **विक्रय** करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

# लोकसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को 12 अप्रैल से मिलेगें नाम निर्देशन प्रपत्र

**25 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति नहीं लड़ सकता लोकसभा चुनाव**

**एक अभ्यर्थी अधिकतम 95 लाख रुपए तक खर्च कर पाएगा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए शुक्रवार 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद से नाम निर्देशन पत्र विक्रय के लिए कलेक्टर कार्यालय रायपुर में उपलब्ध हो जाएगा। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र 19 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगें। 20 अप्रैल को नामों की संवीक्षा के बाद नामों की वापसी 22 अप्रैल तक होगी। और 7 मई को रायपुर जिले में तृतीय चरण का मतदान होगा और परिणामों की घोषणा 4 जून तक हो सकेगी।

निर्वाचन के नियमों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की आयु न्यूनतम 25 वर्ष होना चाहिए। इससे कम आयु के अभ्यर्थियों का नामंकन स्वीकृत नहीं किया जाएगा। एक अभ्यर्थी अधिकतम् नाम निर्दशन के अधिकतम् 4 सेट जमा कर सकेगा। नाम निर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपना नवीनतम फोटो भी लगाना होगा। नाम निर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपनी संपत्तियों, देनदारियों एवं आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निर्वाचन के नियमों के अनुसार एक अभ्यर्थी अपने चुनाव में निर्वाचन सीमा के अंतर्गत अधिकतम् 95 लाख रुपए तक ही खर्च कर पाएगा। यही नहीं अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन खर्च का पूरा हिसाब-किताब भी रखना होगा तथा किए खर्च के बारे में समय-समय पर निर्वाचन व्यय लेखा की जानकारी भी देना होगा।

# कांग्रेस तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती : ज्योत्सना महंत

## जनता सेवा का अवसर दें, 5 न्याय व 25 गारंटी पूरी करेंगे



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा सांसद व लोकसभा उम्मीदवार ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज संसदीय क्षेत्र के गणेशपुर, कंहारबहरा, जिल्दापारा, पड़ीता आदि गांवों का दौरा व जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा से ही डॉ. महंत परिवार को स्नेह व आशीर्वाद देते आई है। जनता के भरोसे पर महंत परिवार सदैव खरा उतरने के लिए प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि आप सबने पिछले चुनाव में मुझे सेवा करने का अवसर दिया और एक बार फिर आप सबके आशीर्वाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबको जोडकर रखने में विश्वास करती है और तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती और न ही किसी तरह का दबाव डाला जाता है। निर्भिक और निष्पक्ष रूप से मतदान करते हुए कांग्रेस की सरकार कोरबा लोकसभा और केन्द्र में बनाने का आह्वान करते हुए श्रीमती महंत ने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता के लिए 5 गारंटी ली है। हमें काम करने का एक अवसर मिलना चाहिए ताकि इन सभी गारंटियों को पूरा कर सकें। युवाओं को नौकरी व रोजगार से जोडकर उनका विकास, महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने, किसानों को कर्ज मुक्त करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के करों से भी मुक्त करने की गारंटी हमने ली है। मजदूरों को किसी भी उद्योग, धंधे से यूं ही काम से न निकाला जा सके, इसके लिए भी हम गारंटी लेते हैं। आज जिन श्रमिकों को रोजगार गारंटी योजना में 200-250 रुपए की मजदूरी मिलती है, उन सभी को 400 रुपए की मजदूरी का हमारा वादा है। जिन पेंशनधारियों को 350 रुपए, 500 रुपए या अन्य राशि मिलती है, उन सभी सामाजिक सुरक्षा, विधवा, निरूशक्त, सुखद सहारा व तमाम पेंशन योजनाओं में सीधे 1 हजार रुपए देने का हमने वादा किया है। इन सभी वादों को पूरा करने के लिए आप सबके साथ व सहयोग की जरूरत है। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### शराब बंदी की बात करते-करते दाम बढ़ाकर कर रहे कमाई : डॉ.महंत



**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन के बयानों पर उन्हें ही निशाने में साधा है। शराब बंदी के मसले पर डा. महंत ने कहा कि हमारी सरकार इसकी ओर अग्रसर थी लेकिन भाजपा ने तो सत्ता में आने के साथ ही शराब की कीमत बढ़ा कर कमाई करने की ठान ली है। हमने तो कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों का सारा कर्ज दो घंटे के भीतर माफकर दिया था। कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने के लिए कर्म की बात करने वाले भाजपा नेता यह तो देख लें कि कांग्रेस मुक्त देश करते-करते अब भाजपा को ही कांग्रेसयुक्त करते जा रहे हैं। अपनी पार्टी की हार तय मान चुके हैं इसलिए अप्रत्यक्ष डरा कर, धमका कर, दबाव बना कर कांग्रेसियों को अपने खेमे में शामिल कर रहे हैं। कांग्रेस ने हर सरकार में गरीबों और युवाओं के भले के लिए काम किया और नीतियां बनाई किंतु भाजपा ने युवाओं को बेरोजगार व गरीबों को और गरीब बनाने का बीड़ा उठाया है।

# राखड़ लोड वाहन चालकों के साथ मारपीट व लूटपाथ, आरोपितों पर कार्रवाई की मांग



**कोरबा(विश्व परिवार)।** राखड़ लोड वाहनों से वसूली का खेल धड़ल्ले से कोरबा में चल रहा है। चालकों से मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ करने व लूट की शिकायत कटघोरा थाना में की गई है। जगह-जगह पुलिस की चेकिंग होने के बाद भी लाठी-डंडे से लैस होकर दर्जन भर लोग वाहनों में घूम रहे हैं और लूटपाट तक रहे हैं। इस मामले की शिकायत अनुज कनौजिया वार्ड तीन ग्राम रोहनिया पोस्ट झगराखंड थाना- भवनाथपुर गढ़वा, झारखंड ने बताया कि वह ब्रेजेश्वरी ट्रांसपोर्ट रायपुर की 12 चक्का वाहन क्रमांक सीजी 04 पीए 7737 में चालक का काम करता है। पांच व छह अप्रैल की रात धनरास राखड डैम से राखड़ लोड कर जा रहा था, तभी एनटीपीसी के कंटेनर से पर्ची एंट्री कराकर कंटेनर के पास गाड़ी खड़े कर खाना खा रहा था। इसी दौरान एक दर्जन गाडी में 10-12 लोग आए और सभी लोग उसे तथा साथी पूरनलाल चैहान निवासी तुलसी नगर कोरबा को गाड़ी से उतार कर लाठी व डंडे से मारते हुए गाली गलौज करने लगे। इसके साथ ही गाड़ी का साइड ग्लास तोड़ दिए तथा जेब में रखे 2700 रुपये व पूरन लाल चैहान का 1200 रूपये लूट लिया। वाहन में सवार होकर आए लोगों में केवल प्रवीण अग्रवाल छुरी वाले को पहचानता हूं। मारपीट व वाहन में तोड़फोड़ के बाद वापस जाते वक्त प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि तुम्हारे यूनियन वाले के कारण बाहरी राज्यों के वाहन बंद हो गए है, वे लोग हमें पैसा देते थे, अब तुम्हें भी यहां चलने नहीं देंगे।

# एसईसीएल में फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले दो कर्मचारी बर्खास्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल में फर्जी तरीके से नौकरी करने वालों की दिक्कतें आगामी दिनों में बढ़ सकती है। क्योंकि प्रबंधन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि जमीन के फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर वर्षों से एसईसीएल में 2 कर्मचारी नौकरी कर रहे थे। दीपका प्रबंधन ने जांच उपरांत सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बताया गया कि सेवा से बर्खास्त किए गए कर्मियों में रमेश कुमार पिता उमेद सिंह पे लोडर ऑपरेटर दीपका परियोजना एवम विनोद कुमार वर्मा पिता डी पी वर्मा सीनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर रीजनल स्टोर दीपका शामिल है जो कई वर्षों से एसईसीएल में सेवारत थे। जो कि फर्जी पट्टे पर नौकरी करने वालों की शिकायत कंपनी के समक्ष गोपनीय शिकायत पत्र के माध्यम से पहले की गई थी। कंपनी द्वारा कराए गए विभागीय जांच में जमीन का फर्जी दस्तावेज सिद्ध हो गया और पूरा मामला सही पाए जाने के उपरांत सेवा समाप्त कर दी गई है। कार्रवाई से बचने संबंधित लोगों द्वारा काफी प्रयास किया गया लेकिन जांच में दोषी पाए जाने पर इन्हें कंपनी की ओर से बर्खास्त कर दिया गया। दो कर्मचारियों को प्रबंधन द्वारा बर्खास्त कर दिए जाने से उन लोगों में हडकंप मच गया है जो फर्जी तरीके से कंपनी में नौकरी कर रहे हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** 07 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार (डल भ्मंसजी, डल त्पहीज) के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निशुल्क रक्त शर्करा जांच, आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर दिनाँक 7 अप्रैल 2024 रविवार को पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में संपन्न हुआ। शिविर में रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उनके लाइफस्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया जो की विश्व स्वाथ्य दिवस का उद्देश्य भी था।साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, की जांच निशुल्क करने के साथ साथ दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की गई। साथ ही ऋतु अनुसार आहार के सेवन के विषय मे बताते हुये डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया की अभी चैत्र मास चल रहा है। इस ऋतु में गुड़ का सेवन नहीं करना चाहिये इससे स्वास्थ्य लाभ होने की बजाय हानि हो सकती है। अत: हमे ऋतु के अनुसार आहार-विहार करना चाहिये।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, टेमर लायन नेत्रनन्दन साहू, टेल ट्विस्टर कमल धारिया, पीआरओ लायन अश्विनी बुनकर, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन सुधीर सक्सेना, हर्ष नारायण शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# चार सड़क दुर्घटना में चार की मौत, चार घायल




**कोरबा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 130 व एक उपमार्ग में हुई चार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। इसमें गंभीर रूप से घायल एक को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। तेज रफ्तार की वजह से इस मार्ग में लगातार दुर्घटना हो रही है। कटघोरा- बिलासपुर व कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। तेज रफ्तार की वजह से हो रही दुर्घटना में कई लोग मौत की आगोश में समा जा रहे हैं। इस मार्ग में एक बार शनिवार की देर रात से लेकर रविवार दोपहर तीन दुर्घटना हुई और तीन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। शनिवार की रात में नुनेरा-बांधाखार के पास मनोज कुमार यादव 35 ग्राम पांडी जिला दतिया मध्य प्रदेश निवासी को किसी वाहन चालक ने टक्कर मार दी, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कार्पियो वाहन चालक ने तेज गति से वाहन चालन टक्कर मारी। इधर दूसरी घटना डुमरकछार से बगदेवा बिजी रोड में ग्राम मुनगाडीह के पास सुबह 11 बजे घटित हुई। बताया जा रहा है कि बिलासपुर नेहरूनगर निवासी श्यामलाल रमानी 60 वर्ष अपने साथी सुरेंद्र 33 वर्ष के साथ व्यवसाय के सिलसिले में बाइक क्रमांक सीजी 10 बीजी 7981 से पाली आ रहा था। अभी वह मुनगाडीह के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे एक बाइक सवार से उसकी टक्कर हो गई और वह बाइक से नीचे जा गिरा, इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 5390 के चपेट में श्यामलाल आ गया और उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा सुरेंद्र घायल हो गया। घटना के बाद सुरेंद्र को पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। वहीं श्यामलाल के स्वजनों को घटना की सूचना पुलिस ने दी। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। घटना के बाद ट्रेलर छोड़ कर चालक फरार हो गया। पाली पुलिस ने ट्रेलर व क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया। एक अन्य घटना बनबांधा के पास जयकारा ढाबा के सामने हुई।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में सरोज को मिला उत्कृष्ट प्रदेश अध्यक्ष का पुरस्कार



**कोरबा(विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन जैन धर्म के तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर पारसनाथ में आयोजित हुआ। इसमें पूरे देश से 700 महिलाएं शामिल हुईं। सम्मेलन में झारखंड के छाऊ नृत्य, हल्दीघाटी की मिट्टी से तिलक, किन्नरों द्वारा आशीर्वाद, ओडिशा से आए शंख से शंखनाद, प्रमुख नदियों के जल से अहिल्या बाई के शिवलिंग का प्रदेश अध्यक्षों ने अभिषेक व मशाल प्रज्जवलन, अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन, गीत संगीत और नृत्य से सभी का स्वागत किया गया। इसके बाद अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सभी का अभिनंदन किया। विभिन्न प्रदेशों से आई हुई आठ भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों ने नीरा बथवाल व उनकी टीम ने 2 सालों में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए अधिवेशन की सराहना की। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश की अध्यक्ष सरोज सुनालिया को उत्कृष्ट प्रदेश अध्यक्ष के अवार्ड से सम्मानित किया गया।अधिवेशन में सामाजिक कार्यों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए 12 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें ओडिशा की सुशीला फरमानिया, छत्तीसगढ़ की सुधा अग्रवाल, शिलांग की पुष्पा बजाज व झारखंड की तूलिका सरावगी शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार ओडिशा व पश्चिम बंगाल को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण शाखा का पुरस्कार असम को मिला। पहले दिन का समापन एक शाम वीरांगनाओं के नाम लघु नाटक प्रतियोगिता से हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश से 10 बहनें अधिवेशन में शामिल हुईं व राष्ट्रीय अधिवेशन के अवार्ड में उत्कृष्ट प्रदेश अध्यक्ष सरोज सुनालिया छत्तीसगढ़ प्रदेश, सर्वोच्च सेवा सम्मान सुधा अग्रवाल, सर्वाधिक फूलों से खाद बनाने का ड्रम लगवाना छग प्रदेश को दिया गया।

### भागवत कथा से बढ़ती है धर्म के प्रति लोगों की आस्था : पं. कृष्ण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आदि शक्ति महिला मंडल के तत्वाधान में 6 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन रेलवे स्टेशन के सामने वार्ड नं. 8 में किया गया। जिसमें अंचल के व्यवसायी और सप्तदेव मंदिर के ट्रस्टी अशोक मोदी ने पहुंचकर कथावाचक पं. कृष्ण कुमार का सम्मान किया व उनका आशीर्वाद प्राप्त कर कथा का रसपान किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि कोरबा ही नहीं अपितु पूरे देश भर में इस प्रकार की कथा का आयोजन किया जाना चाहिये। इससे धर्म के प्रति लोगो में आस्था बढ़ती है। आने वाली पीढ़ी को भी धर्म के बारे में जानकारी मिलती है। पं. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने व्यासपीठ से उन्हें सफल होने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम को आयोजित किये जाने पर आदि शक्ति महिला मंडल की प्रशंसा की। कथा में व्यासपीठ से पं. कृष्ण कुमार ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का एक क्षण भी मोक्ष प्रदान करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनपुर में बालिका वधू बनने से बची नाबालिक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस की संयुक्त पहल से आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले में एक नाबालिग बालिका वधू बनने से बच गई। बारात आने से पहले टीम मौके पर पहुंचकर परिजनों को बाल विवाह के दंडात्मक कानूनों से अवगत कराते हुए समझाइश देकर बाल विवाह रुकवाने में सफल रही। पोड़ी-उपरोड़ा परियोजना के अंतिम वनांचल ग्राम लखनपुर के (पुरानी बस्ती ललमटिया पारा) में यादव परिवार में शादी का कार्यक्रम रखा गया था। महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना दी गई कि लडकी नाबालिग है। विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिलते ही परियोजना अधिकारी निशा कंवर ने डीपीओ रेणु प्रकाश से सूचना साझा की। डीपीओ रेणु प्रकाश ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीपीओ के नेतृत्व में पर्यवेक्षक स्वाति पैकरा, स्थानीय पुलिस आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू, सरपंच जगदीश प्रसाद के साथ संबंधित परिवार में पहुंचे। अधिकारियों को देखकर परिजन सकते में आ गए। जहां लडकी की आयु की पुष्टि करने अंकसूची की जांच की गई। लडकी के अंकसूची में उसकी जन्मतिथि 26.07.2006 अंकित की गई थी, जिसके अनुसार लडकी की आयु 17 वर्ष 8 माह पाया गया। अधिकारियों ने परिजनों को युवती के विवाह की निर्धारित आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह करने की सझाइश दी। लडके व उसके परिजन को भी सझाइश दी। साथ ही इस विधिक निर्धारित आयु से पूर्व विवाह करने पर बाल विवाह के लिए निर्धारित सजा के प्रावधानों से अवगत कराया। तब जाकर लंबी बहस के बाद परिजन माने।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में हादसों का दौर लगातार जारी है, चाहे मुख्य मार्ग की बात हो या फिर बायपास रोड की लगातार सड़क हादसे में लोगों की जान जा रही है। एक बार फिर से तेज रफ्तार ट्रेलर बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक पर सवार एक बुजुर्ग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया और देखते ही देखते घटनस्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल बाइक चालक युवक को 108 के माध्यम से पाली के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ये घटना पाली थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग की है। कोरबा के पाली ग्राम मुनगाडीह मार्ग में एक ट्रेलर ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बिलासपुर जिले के नेहरूनगर निवासी श्यामलाल रामानी 60 वर्षीय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसके साथ ही बाइक चालक युवक की स्थिति गंभीर है।

### तीन किलोग्राम गांजा जब्त दो आरोपियों गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सजग कोरबा अभियान के तहत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में चौकी मानिकपुर पुलिस की टीम शहर में पेट्रोलिंग दौरान के मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति सफ़ेद ऐक्टिवा क्र सीजी 10 बीई 9943 में पोंडीबहार से आरएसएस नगर की तरफ़ आ रहा है और उसके गाड़ी के डिक्की में गाँजा रखा हुआ है, कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया बाद मुखबिर के बताये अनुसार घेराबंदी कर आरोपी शिरीष रंजन से उक्त एक्टिवा के डिक्की में रखे 40 ग्राम गाँजा को बरामद किया हुआ, उक्त गाँजा के संबंध में उससे पूछने पर बताया गया कि पौड़ीबहार के राजपूत ऑटोड्राइवर के कहने पर उक्त गाँजा को खरमोरा के रवि साहू के पास से ला रहा है, रवि साहू का पता करने पर वर्तमान में अड़भार में रहना पता चलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल टीम रवाना कर आरोपी रवि साहू को पकड़ा गया और उसके मेमोरेंडम के आधार पर उससे 3 किलोग्राम गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है और चौकी मानिकपुर में 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

### जरूरतमंदों के लिए खोला गया कृषि फार्म हाउस बोर का पानी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने अपने कृषि फार्म हाउस में बोर का पानी जरूरतमंदों के लिए खोल दिया है। इस भीषण गर्मी में बोर के ठंडे पानी का मजा लेने बड़ी संख्या में बच्चे पहुंच रहे हैं। पानी में जमकर बच्चे मौज मस्ती कर आनंद उठा रहे हैं। जरूरतमंद ग्रामीणों को पेयजल इसी फार्म हाउस से आपूर्ति किया जा रहा है। इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष व समाजसेवी अजीत दास महंत ने बताया कि, इन दिनों पारा 40 डिग्री को पार कर गया है। आसपास के इलाके में ऐसे लोग निवासरत हैं, जिनके पास संसाधन की कमी है। ऐसे लोगों को पेयजल, नहाने के लिए निरूशुल्क पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# संपादकीय

## दलों के मुखियाओं को सख्ती बरतनी चाहिए...

कलकत्ता उच्च न्यायालय का यह कथन बिल्कुल उचित है कि, संदेशखालि में यदि यौन उत्पीड़न की एक प्रतिशत आरोप सही पाए गए तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी। यौन उत्पीड़न के कथित पीड़ितों के लगभग सौ हलफनामे इसमें शामिल हैं। इसमें जमीन कब्जा के मामले व हिंसा की घटनाएं भी हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने कहा पूरा जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ शासन को जिम्मेदारी निभानी होगी। सौ प्रतिशत जिम्मेदारी निभानी होगी। संदेशखालि में निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख व उसके सहयोगियों पर स्थानीय लोगों की जमीनें हड़पने व महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। इस पर एक याचिकाकर्ता वकील ने इस घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजंसी से कराने की मांग अदालत से की। जिस पर पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता ने विरोध करते हुए दावा किया कि केंद्रीय एजंसियों ने भरोसा खो दिया है। पशिचम बंगाल के कूचविहार में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं का जिक्र करते हुए आासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। इस दरम्यान ईडी ने शेख के बैंक खातों समेत उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज करना चालू कर दिया है। पीड़िताओं ने दिल दहलाने वाली आपबीती सुनाई। उन्हें मजदूरी की आड़ में बुलाया जाता था, परंतु युवा व आकषर्क महिलाओं को मनोरंजन के नाम पर जबरन रोक लिया जाता था। उनके साथ मारपीट होती व अन्य तरीकों से उन्हें प्रताड़ित किया जाता। हालांकि स्थानीय नेता व ममता बनर्जी के करीबी इसे शुरुआत से ही बंगाल विरोधी प्रचार बता रहे हैं, परंतु यह सिर्फ भाजपा या सीपीएम के दुष्प्रचार का नतीजा नहीं कहा जा सकता। घटना को लेकर राज्य सरकार के भीतर शंका न होती तो वह आनन-फानन शेख को निलंबित करने से हिचकती। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि नेतागीरी की आड़ में यह दबंगई केवल बंगाल में ही हो रही है। वास्तव में इस तरह का अत्याचार राजनीति की छतछाया में देश भर में होता रहता है। जिस में जमीनों के कब्जे व बेवजह आम जनता का उत्पीड़न शामिल है।

# मुश्किल वैश्विक हालात में कंपनियों की बढ़ती चुनौतियां

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, श्रम और विचारों के आदान-प्रदान पर पाबंदी में ढील उच्च आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्रोत थी। परंतु, इस समय चार ऐसी बातें या चुनौतियां हैं जो इस वैश्विक अर्थव्यवस्था को हानि पहुंचा रही हैं। दुनिया के देशों के बीच जुड़ाव एवं संपर्क बढ़ने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होती है वहीं, अलगाव से जीडीपी कमजोर पड़ता है। चीन का प्रभाव कम करने के लिए संरक्षणवाद के खिलाफ आवाज उठाना नीति-निर्धारकों के हित में है। दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच वित्तीय एवं गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए अपने संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा कर उनमें सुधार करना आवश्यक है। वे जब तक इस मोर्चे पर कदम आगे नहीं बढ़ाएंगे, तब तक वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर कारोबार नहीं कर पाएंगे। आइए, अब हम उन चार चुनौतियों पर विचार करते हैं। वर्ष 2018 से हम 'तीसरे वैश्वीकरण' के दौर में आ गए हैं। इस 'तीसरे वैश्वीकरण' में विकसित देशों के साथ उन देशों का आर्थिक जुड़ाव अधिक कठिन हो गया है जो विदेश नीति एवं सैन्य मामलों में उपयुक्त एवं संतोषजनक स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। दूसरे वैश्वीकरण के दौरान यह तर्क दिया गया था कि रूस और चीन जैसे देशों को वैश्वीकरण के ताने-बाने में शामिल किए जाने के लाभ बाद में नजर आएंगे क्योंकि ये देश स्वतंत्रता की तरफ सावधानी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन यह गलत साबित हुआ। प्रत्येक अल्प विकसित देश को संपन्नता एवं स्वतंत्रता की तरफ बढ़ने में कई पीढ़ियों तक संघर्ष करना पड़ा है। लेकिन तृतीय वैश्वीकरण के पक्ष में दिए जा रहे तर्क में वजन दिख रहा है। दूसरा अहम बिंदु है कार्बन सीमा शुल्क (कार्बन बॉर्डर टैक्स)। कई लोग कार्बन सीमा शुल्क को संरक्षणवाद से जोड़कर देख रहे हैं जिसे उचित नहीं माना जा सकता। यूरोपीय उपभोक्ताओं ने ज्यादा कार्बन के इस्तेमाल से तैयार उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने का समझौता किया है। यूरोपीय कार्बन सीमा समायोजन ढांचा (यूरोपीय कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) से आशय संरक्षणवाद से नहीं है बल्कि इसका संबंध




यूरोप में उत्पादन या इसकी सीमा से बाहर होने वाले उत्पादन के बीच समान अवसर बहाल करना है। सैद्धांतिक स्तर पर देखें तो यह आयात पर मूल्यवर्धित कर (वैट) की तरह है, जो व्यापार में बाधा पहुंचाए बिना घरेलू नीति (वैट दर तैयार करने की नीति) तैयार करने की गुंजाइश प्रदान करता है। कार्बन उत्सर्जन कम करने के मामले में चीन भारत से आगे है। चीन में कुल ऊर्जा उपभोग में अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 33 फीसदी तक हो गया है और यह तेजी से विकास कर रहा है। भारत की कमजोर ऊर्जा नीति भारतीय वस्तुओं के निर्यात को कमजोर कर देगी। तीसरा पहलू चीन से जुड़ा है। चीन की अर्थव्यवस्था गहरे दबाव में रही है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2013 से सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है (चीन को आधुनिक बनाने के तंग श्याओ फिंग के प्रयासों को उन्होंने पलट दिया है)। नीतिगत स्तर पर अंध राष्ट्रवाद, बाहर के लोगों के प्रति शत्रुता और निजी क्षेत्र के लोगों के खिलाफ सरकार की दमनकारी नीतियां पांव पसार रही हैं। ऐसे और कुछ अन्य कारणों से चीन की आर्थिक वृद्धि उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। पूर्व में चीन के नीति निर्धारकों ने ऋण मुहैया कर, आधारभूत ढांचे पर व्यय बढ़ाकर और निर्माण क्षेत्र पर ध्यान देकर अपनी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का प्रयास किया है। परंतु, वर्तमान समय में इन उपायों का इस्तेमाल करना कठिन हो गया है। ऐसा लग रहा है कि अब निर्यातकों को व्यवस्था के स्तर पर सब्सिडी देने का प्रयास किया जा रहा है (यह जिस रूप में किया जा रहा है वैश्विक व्यापार उसकी अनुमति नहीं देता है)। वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का विशेष योगदान है इसलिए उसका व्यवहार दूसरे देशों पर बड़ा असर डाल सकता है। वर्तमान समय में निर्यात पर सब्सिडी देने से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कई छोटे प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में एक विदेश नीति तैयार करना आवश्यक है जिसके माध्यम से विकसित अर्थव्यवस्थाएं चीन के साथ संवाद कर सकें। इन तीनों व्यवस्थागत समस्याओं के बाद एक चौथी समस्या भी है। विभिन्न देश व्यापार नीति पर मनमाने ढंग से कदम उठा रहे हैं। ये कदम अक्सर गलत दिशा में जाते हैं। द जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स ऐंड ट्रेड/ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) प्रक्रिया काफी पहले खत्म हो गई है। लगभग रोज ही उदार नीतियों एवं विचारों के लिए नए खतरे पैदा हो रहे हैं। डिजिटल सेवाओं पर वैश्विक सहमति बनाने की दिशा में व्यवधान पैदा करना ऐसा ही एक उदाहरण है। इस बात की संभावनाएं (40 फीसदी) बढ़ने लगी है कि डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले चुनाव में जीत सकते हैं। अगर ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो दुनिया के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देश में नीति निर्धारण की गुणवत्ता में कमी आएगी। यह एक कठिन संदर्भ है जिसमें हमें दुनिया में भारत की भागीदारी से जुड़ी चुनौतियों को देखना चाहिए। पिछले दशक में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश (एफडीआई) और वास्तविक डॉलर में निर्यात कमजोर रहा था। वर्ष 2011-12 से वास्तविक डॉलर में कुल निर्यात लगभग 3 फीसदी बढ़ा था। हालांकि, इस दौरान सेवाओं का निर्यात बढ़ा है। नीति निर्धारकों ने फोन के पुर्जों या इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क घटाकर कुछ अच्छे कदम उठाए हैं मगर कोई रणनीति नहीं अपनाने की रणनीति के साथ कुछ समस्याएं हैं। कंपनियों की रणनीतिक सोच प्रमुख बातों में एक है। दूसरे वैश्वीकरण में कंपनियां सुस्त थीं और उन्होंने आर्थिक नीतियों एवं राजनीतिक माहौल के बारे में अधिक नहीं सोचा। जो कंपनियां वैश्वीकरण की तरफ अधिक आगे निकलीं उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। अच्छी कंपनियां निर्यात करती हैं और श्रेष्ठ कंपनियां बाहर एफडीआई भेजती हैं और दुनिया को इसका बड़ा फायदा मिलता है। हजारों महत्त्वपूर्ण भारतीय कंपनियां निर्यात और एफडीआई के माध्यम से अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ गहराई से जुड़ चुकी हैं। दुनिया की सैकड़ों कंपनियों के लिए भारत भी अब महत्त्वपूर्ण बाजार हो गया है। ये घटनाक्रम भारतीय प्रगति के केंद्रीय भूमिका में रहे हैं। कोई कंपनी विभिन्न घटकों जैसे पूंजी पर नियंत्रण रखने वाले लोगों, ठेकेदारों (कॉन्ट्रैक्टर), भौतिक परिसंपत्तियों, कामगारों से मिलकर बनी होती है और विभिन्न देशों और कर बचत के लिहाज से माकूल जगहों में इसका विधि तंत्र भी होता है। कंपनियों के लिए रणनीति तैयार करते समय इन चार चुनौतियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ये चुनौतियां क्रमश: तीसरा वैश्वीकरण, कार्बन सीमा शुल्क, चीन की सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और व्यापार नीति पर विभिन्न सरकारों द्वारा उठाए गए कदम (ये अक्सर गलत दिशा में होते हैं) हैं।

# विचार

## टूटना मतलब दल का पतन

**प्रो. नवल किशोर**

किसी भी राजनीतिक दल के उदय, स्थापना और विस्तार में जन समर्थन ही मुख्य तत्व है। प्राय- चुनावी दंगल में किसी भी दल को हासिल जनादेश को तीन खंड में देखने की कोशिश की जाती है जिसे कोर वोट, समर्थन वोट और तिरती वोट की संज्ञा दी गई है। इन तीनों में कोर वोट किसी भी दल की रीढ़ होती है। इसका टूटना मतलब उस दल का पतन। बाकी दोनों प्रकार के वोटों का ऊपर-नीचे होना स्वाभाविक है क्योंकि वह समसामयिक मुद्दों और अभियान पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 25 जुलाई 1997 को हुई जो लालू प्रसाद के लिए एक विपरीत कालखंड में हुआ करता था। एक तरफ वह अपनी लोकप्रियता की पराकाष्ठा पर थे वहीं दूसरी तरफ पशुपालन घोटाले के आरोप में उनकी राजनीतिक जीवन बिल्कुल संक्रमण काल से गुजर रही थी। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक फैसले लिए थे। पहला, जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठन की घोषणा करना और दूसरी अपनी गिरफ्तारी से पूर्व राज्य सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देकर राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाना। उनके नेतृत्व में राजद की सरकार लगभग आठ साल (1997-2005) तक रही थी। उन्नीस सौ नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव अपनी चुनावी सभाओं में कहा करते थे कि जब तक 'माय' का आशीर्वाद रहेगा तब तक कोई माई का लाल उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर सकता। उन्होंने जेपी आंदोलन (1974), जनता पार्टी (1977) और जनता दल (1989) के रास्ते बिहार की राजनीति में करिश्माई नेतृत्व, स्वीकार्यता और लोकप्रियता अर्जित की। फिर एक खास परिस्थिति में राजद (1997) का गठन किया। यह उनके सक्रिय राजनीतिक हस्तक्षेप से अर्जित आत्मविश्वास की एक झलक थी। उसी दौर में केंद्र-राज्य के मद्देनजर झटकते हुए उन्होंने एलान किया कि वे घुटनना टेक नहीं बल्कि सीनातान मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है। उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे। परिणामस्वरूप भाजपा को करारी शिकस्त मिली। राजद सबसे बड़े दल रूप में जीत हासिल की और तेजस्वी प्रसाद यादव विधायक दल के नेता निर्वाचित हुए। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बने। लालू प्रसाद यादव की अनुपस्थिति उन्होंने एनडीए के खिलाफ बिहार विधानसभा (2020) चुनाव पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कारवाई को अभियान का मुख्य बिंदु बनाने में सफल रहे। लगभग सत्रह महीने के कार्यकाल में नौकरी, जाति गणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को तय करने में तेजस्वी ने अहम भूमिका निभाया। जनवरी 2024 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर महागठबंधन से नाता तोड़ा और राजद सरकार से बाहर हुए, लेकिन अल्पकालिक कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देने के मुद्दे पर सभी जातियों के युवाओं के बीच तेजस्वी की स्वीकार्यता ज्यादा बढ़ती दिखी। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ माय की पार्टी नहीं बल्कि बाप (बीएएपी) की भी पार्टी है, जिसका तात्पर्य बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी (महिला) और पुअर (गरीब) है। मूल आशय था कि यह पार्टी सभी जाति/धर्म के सदस्यों के लिए एक समान है। अपने सीमित कार्यकाल में दिए पांच लाख नौकरी की चर्चा 'एनडीए के सत्रह साल बनाम सत्रह महीने' को सक्रिय अभियान का हिस्सा बनाया। दरअसल 'ए टू जेड' की राजनीति से तेजस्वी प्रसाद ने समाज के सभी धर्म/वर्ग/जातियों को जोड़ने की शुरुआत की है। इटली के सुविख्यात राजनीतिक विचारक निकोलो मैकियावेली ने की उक्ति यहां समुचित प्रतीत होता है -'प्रत्येक राजनेता अपने समय-देशकाल का शिशु होता है। उसके समक्ष अपनी प्राथमिकताएं एवं चुनौतियां होती हैं।' दूसरे शब्दों में, कहा जा सकता है कि लालू प्रसाद यादव के 'माय' समीकरण की राजनीति आज व्यापक फलक को प्राप्त करता हुआ 'बीएएप' अर्थात समावेशी एवं समदर्शी राजनीति को प्राप्त कर चुका है। यह बिहार जैसे विविधतासम्पन्न राजनीतिक प्रदेश के लिए मील का पत्थर सरीखा उपलब्धि है। इससे समाज के प्रत्येक तबके का सतत एवं सामंजस्यपूर्ण विकास संभव हो सकेगा।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार सौदे के संभावित परिणाम

**अजय श्रीवास्तव**

गत 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि वे साझा लाभ वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्दी अंजाम तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। हम आशा कर सकते हैं कि चुनाव के बाद देश में नई सरकार बनते ही भारत-ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के लिए एफटीए नई व्यापार साझेदारियां स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है। इस बीच भारत भी तेजी से नए एफटीए को अंजाम दे रहा है मानो वह अपनी संरक्षणवादी छवि में बदलाव कर रहा हो। यह बदलाव तब आया जब नवंबर 2019 में भारत अचानक 16 देशों वाली क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) वार्ता से बाहर हो गया। बीते चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) के देशों मसलन स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टनस्टाइन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के साथ एफटीए आरसेप से बाहर आने के बाद भारत का पांचवां एफटीए होगा। भारत के एफटीए साझेदारों ने तेज वार्ता की रणनीति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है क्योंकि भारत के साथ एफटीए उन्हें एक बड़े उभरते बाजार तक पहुंच प्रदान करता है वह भी उच्च टैरिफ से बचकर। माना जा रहा है कि एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2023 में भारत और ब्रिटेन का आपसी व्यापार 57 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत ने जितना खर्च किया उससे 13.34 अरब डॉलर अधिक की राशि अर्जित की। भारत ने 11.40 अरब डॉलर की वस्तुओं और 23.80 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात ब्रिटेन को किया और उससे 8.96 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और 12.90 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं की खरीद की। दोनों देशों ने जनवरी 2022 में एफटीए को लेकर बातचीत शुरू की। इस वार्ता में 26 विषय शामिल हैं जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, स्रोत के नियम, व्यापार और टिकाऊ विकास, श्रम, लिंग और डिजिटल व्यापार आदि हैं। बातचीत के प्रमुख विषयों में से कुछ के अनुमानित परिणाम इस प्रकार हैं वाणिज्यिक उत्पाद व्यापार- भारत ब्रिटेन को जो निर्यात करता है उसका आधा से अधिक हिस्सा यानी करीब 6 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात पेट्रोलियम, औषधि, हीरे, मशीनों के कलपुर्जे, विमान और लकड़ी के फर्नीचर आदि पहले ही बिना आयात शुल्क के ब्रिटेन जाते हैं। ऐसे में इन निर्यातों को शुल्क दरों में संभावित कमी का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। बहरहाल करीब 5 अरब मूल्य का अन्य निर्यात जिमसें वस्त्र, कपड़ा, जूते-चप्पल, कालीन, कारें, समुद्री भोजन, अंगूर और आम शामिल हैं, उन्हें लाभ होगा क्योंकि अभी उन पर शुल्क चुकाना होता है। इस व्यापार में ब्रिटेन को अधिक लाभ होगा क्योंकि भारत आने वाले उसके 91 फीसदी उत्पादों पर औसत से उच्च आयात शुल्क लगता है। ऐसे अधिकांश उत्पादों को भारत द्वारा शुल्क हटाए जाने का लाभ मिलेगा। भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों पर आयात शुल्क को 100 फीसदी से कम करके 50 फीसदी कर सकता है तथा कुछ कारों को वह 25 फीसदी की न्यूनतम शुल्क दर पर भी आने दे सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारत पहले ही शुल्क दर कम कर चुका है और उसे 100 फीसदी से कम करके 15 फीसदी तक कर दिया गया है। इससे संकेत मिलता है कि भारत ब्रिटेन को बेहतर पेशकश कर सकता है। इसी प्रकार वाइन के मामले में भारत आयात शुल्क को अगले 10 वर्ष में 150 फीसदी से कम करके 25 फीसदी कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया और स्विस वाइन के मामले में ऐसा हो चुका है। यानी कुछ सालों में 90 फीसदी द्विपक्षीय व्यापार शुल्क मुक्त हो जाएगा और व्यापार बढ़ेगा। सेवा भारत अपनी सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है। उसने ब्रिटेन से अनुरोध किया है कि वह भारतीय पेशेवरों को अल्पकालिक कामों के लिए प्राथमिकता पर वीजा प्रदान करे। बहरहाल, बड़ी तादाद में अल्पकालिक कामकाजी वीजा पाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन में प्रवासियों को लेकर चिंता बढ़ी है। ब्रिटेन दूरसंचार, विधिक और वित्तीय सेवा क्षेत्र को विदेशी प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दे सकते हैं। ब्रिटेन के उत्पादकों को भारत सरकार के खरीद वाले क्षेत्रों को बिक्री की इजाजत देना उन्हें भारतीय कंपनियों के समकक्ष बना देगा। वहीं भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन में सरकारी खरीद बाजार में तगड़ी प्रतिस्पर्धा और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। गैर कारोबारी मुद्दों पर होने वाली बातचीत में कई जटिल क्षेत्र शामिल हैं जो भारत के घरेलू नीतिगत क्षेत्र और आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकते हैं। उनमें से प्रमुख हैं 1. भारत अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप को बचाने के लिए डेटा को स्थानीय रूप से रखने का हिमायती है जबकि ब्रिटेन के अबाध डेटा प्रवाह चाहता है और डिजिटल कारोबार के लिए न्यूनतम बाधाएं। 2. एक विकसित देश के रूप में ब्रिटेन को एफटीए में पर्यावरण और श्रम के क्षेत्र में उच्च मानकों को शामिल करना होगा। भारत सख्त प्रावधानों को लेकर सतर्क है क्योंकि वे उस पर आर्थिक बोझ डाल सकते हैं । या उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त पर असर डाल सकते हैं। 3. भारत इस बात से अवगत है कि एफटीए में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं मसलन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समझौते, पेरिस समझौते आदि का पालन भी पुरानी गैर बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को प्रवर्तनीय दायित्वों में बदल सकता है। इससे नीति निर्माण का लचीलापन कम हो सकता है और ब्रिटेन द्वारा भारत के कपड़ों और अन्य श्रम आधारित निर्यात पर गैर टैरिफ अवरोध लगाने को उचित ठहराया जा सकता है। 4. भारत ट्रिप्स प्लस मानकों को अपनाने को लेकर भी सतर्क है और यह बात जेनरिक दवा उद्योग तथा दवाओं तक पहुंच को प्रभावित कर सकती है। ब्रिटेन डेटा की विशिष्टता को लेकर ऐसे प्रावधान चाहता है।

# रिजर्व बैंक की 90 वर्षों की मजबूती की गाथा

**तमाल बंद्योपाध्याय**

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार 1 अप्रैल को 90वें वर्ष में प्रवेश कर लिया। दुनिया के दो अन्य बैंक 90 से 99 वर्ष के बीच हैं। वे बैंक ऑफ अर्जेन्टीना और बैंक ऑफ कनाडा हैं जो 1935 में स्थापित हुए। केंद्रीय बैंकों का इतिहास 17वीं सदी का है जब 1668 में स्वीडिश रिक्सबैंक की स्थापना हुई। इसे एक संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में सरकारी फंड्स को ऋण देने तथा कारोबारों के लिए क्लियरिंग हाउस के रूप में काम करना था। इसे केंद्रीय बैंक की शुरुआत माना जाता है। कुछ दशक बाद 1694 में बैंक ऑफ इंगलैंड की स्थापना हुई। यह भी संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में बना जिसे सरकारी डेट खरीदना था। 1800 में नेपोलियन बोनापार्ट ने बैंक डी फ्रांस की स्थापना की ताकि फ्रांसीसी क्रांति के दौरान कागजी मुद्रा की अत्यधिक मुद्रास्फीति को स्थिर किया जाए। बैंक ऑफ फिनलैंड की स्थापना 1812 में हुई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 1913 में स्थापित हुआ यानी स्विस नैशनल बैंक के सात वर्ष बाद। बैंक ऑफ जापान 1882 में स्थापित हुआ। आखिरकार 1998 में वर्तमान यूरोपीय केंद्रीय बैंक की स्थापना हुई ताकि यूरो की शुरुआत की जा सके। समय के साथ केंद्रीय बैंकों की गतिविधियों में सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए 1914 में पहला विश्व युद्ध शुरू होने से पहले केंद्रीय बैंकों ने घरेलू आर्थिक स्थिरता को बहुत महत्त्व नहीं देते थे। युद्ध ने रोजगार, गतिविधियों और मूल्य स्तर को लेकर चिंता उत्पन्न की। महामंदी के बाद एक बार फिर केंद्रीय बैंकिंग में बदलाव आया। फेड भी वित्त विभाग के अधीन हुआ और फिर 1951 में ही उसे स्वायत्तता मिल सकी। वापस रिजर्व बैंक पर लौटते हैं। एक अप्रैल, 1935 को रिजर्व बैंक की स्थापना के बाद से वह 25 गवर्नरों के साथ काम कर चुका है। बेनेगल रामा राव 1 जुलाई, 1949 से 14 जनवरी, 1957 तक यानी साढ़े सात वर्षों




तक इसके गवर्नर रहे जो अब तक किसी गवर्नर का सबसे लंबा कार्यकाल है। वहीं अमिताभ घोष महज 20 दिनों (15 जनवरी से 4 फरवरी, 1985 तक) तक गवर्नर रहे। रामा राव के इस्तीफे के बाद गवर्नर बने केजी अंबेगांवकर भी केवल छह सप्ताह तक पद पर रहे। बी एन आदरकर ने भी 4 मई, 1970 से 15 जून, 1970 तक लगभग इतनी ही अवधि तक गवर्नर पद संभाला। 1991 के आर्थिक सुधारों से अब तक आठ गवर्नर बने हैं जिनमें विमल जालान का 22 नवंबर, 1997 से 6 सितंबर, 2003 तक का कार्यकाल सबसे लंबा रहा जबकि एस वेंकटरमणन का कार्यकाल सबसे छोटा। वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास दिसंबर में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा होने के पहले ही कार्यकाल के मामले में जालान से आगे निकल जाएंगे। वह रामा राव के बाद दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले गवर्नर होंगे। वाईवी रेड्?डी ने पांच साल और ऊर्जित पटेल ने तीन वर्ष आठ महीने तक यह पद संभाला। उदारीकरण के बाद के गवर्नरों की बात करें तो दास तमिलनाडु कैडर के 1980 के बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण दायित्व रहा है। कोविड 19 महामारी ने 5 लाख करोड़ डॉलर का आकार पाने का सपना देख रही अर्थव्यवस्था को मंदी में धकेल दिया। दास ने ब्याज दरों को ऐतिहासिक रूप से कम किया। इस असाधारण संकट को कई गैर पारंपरिक उपायों की मदद से हल करने का प्रयास किया गया। वेंकटरमणन, जालान, डी सुब्बाराव और रघुराम राजन के सामने भी मुश्किल हालात आए। जालान तब गवर्नर बने जब पूर्वी एशियाई संकट चरम पर था और स्थानीय मुद्रा दिन ब दिन डूब रही थी। सुब्बाराव के कार्यकाल में ही अमेरिकी निवेश बैंक लीमन ब्रदर्स होल्डिंग इंक का पतन हुआ और वैश्विक वित्तीय संकट आया। राजन को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा क्वांटिटेटिव ईजिंग रोकने के बाद ट्रेजरी प्रतिफल में आई तेजी, कमजोर रुपये, बढ़ते चालू खाते घाटे तथा उच्च मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ा। 1991 का उदारीकरण वेंकटरमणन के कार्यकाल के बीच हुआ। 1991 के भुगतान संतुलन के साक्षी रहे लोग मानते हैं कि सबसे मुश्किल कार्यकाल दास का नहीं बल्कि वेंकटरमणन का रहा। मेरा मानना है कि दोनों संदर्भ इतने अलग हैं कि तुलना करना सही नहीं। दास को कोविड-19 संकट का सामना तब करना पड़ा जब पूरी दुनिया आपस में गुंथी हुई थी और भारतीय अर्थव्यवस्था नॉमिनल जीडीपी के अनुसार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अब रिजर्व बैंक का एक अंतरराष्ट्रीय कद है। पूरी दुनिया के सामने एक ही चुनौती थी और विभिन्न केंद्रीय बैंकों ने तालमेल के साथ नीतियां बनाईं। वेंकटरमणन का समय अलग था। भारत की अर्थव्यवस्था तब बहुत छोटी थी और उसे अकेले ही चुनौतियों से निपटना था। उस समय तो कुछ अमेरिकी विश्वविद्यालयों के फंड भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार से बड़े थे। रेड्डी का कार्यकाल सबसे बेहतर था क्योंकि भारत ने उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति का दौर देखा। अपने कार्यकाल में उन्होंने नीतिगत दर बढ़ाना जारी रखा लेकिन ऋण और आर्थिक वृद्धि प्रभावित नहीं हुई। कई लोग कहते हैं कि यह जालान की विरासत थी। रेड्?डी ने नियामकीय मानकों को सख्त बनाया जो वैश्विक मानकों के कारण पहले से तंग थे। उन्होंने कई सुरक्षा उपाय किए जो 2008 के संकट के समय सुब्बाराव के लिए मददगार साबित हुए। यदि 1991 के बाद के रिजर्व बैंक पर नजर डालें तो शायद ऐसी तस्वीर सामने आएगी- रंगराजन और उनके डिप्टी एसएस तारापोर मुद्रावादी थे। दोनों ने सरकार के साथ रिश्तों को बदला। जालान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सेवा दे चुके अर्थशास्त्री थे। वह जानते थे कि कैसे काम करना है। दास भी ऐसे ही हैं जबकि रेड्?डी को सबसे दिमागदार गवर्नर माना जाता है।वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग चाहता था कि रिजर्व बैंक को कई दायित्वों से मुक्त किया जाए। राजन ने इसका सफलतापूर्वक विरोध किया। इस बीच केंद्रीय बैंक ने पूरी तरह मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित किया। दास के कार्यकाल में उसने वृद्धि और मुद्रास्फीति का सराहनीय संतुलन किया, वित्तीय क्षेत्र को स्थिर बनाए रखा और व्यवस्था को मजबूती दी। मौद्रिक नीति समिति की 2024-25 की पहली बैठक जो शीघ्र होगी उसका नतीजा क्या होगा? यथास्थिति बरकरार रहेगी यानी कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री रतन मुनि जी महाराज का 92वॉ जन्म महोत्सव 17 अप्रैल को मनाया जाएगा

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ प्रवर्तक लोकमान्य संत गुरुदेव श्री रतन मुनि जी महाराज का 92वॉ जन्म महोत्सव उनोदरी तप एवं



सामायिक दिवस के साथ 17 अप्रैल को जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग गुणानुवाद सभा के रुप में मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के भगवान कहे जाने वाले साधुता के स्वामी के इस जन्म महोत्सव इस में उप प्रवर्तक डॉक्टर श्री सतीश मुनि जी एवं अन्य मुनि वृंद श्री शुक्ल मुनि श्री रमण मुनि एवं आदित्य मुनि जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा एवं मंत्री राकेश संचेती ने छत्तीसगढ़ श्रमण संघ के सभी संधो से जन्म महोत्सव में उपस्थिति का आह्वान किया है। आयोजित गुणानुवाद सभा में तीन सामायिक साधना के अलावा जीवदया के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अपर्णा कालेले बनीं सहयोग संस्था की अध्यक्ष और रविकांत सचिव, संध्या खंगन एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य ने पुष्प गुच्छ से किया स्वागत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सहयोग जेष्ठ नागरिक मंच ने चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 20वां स्थापना दिवस भजन-कीर्तन, विभिन्न गतिविधियों के बीच निर्विरोध चुनाव के साथ मनाया। चुनाव में अपर्णा कालेले अध्यक्ष और रविकांत भागवत सचिव चुने गए। बैठक में कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव श्याम सुंदर खंगन व डॉ. देवरस ने चुनाव अधिकारी के रूप में कराया। खंगन ने बताया कि चुनाव में अपर्णा कालेले अध्यक्ष, ज्योत्सना भाटे उपाध्यक्ष, रविकांत भागवत सचिव और दीपक पात्रीकर कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में 45 सदस्य उपस्थित रहे। हिंदू नववर्ष और राम नवरात्रि के उपलक्ष्य में भगवान श्रीराम के भजनों का गायन- वादन ज्योत्सना भाटे, प्रमोद बोरवणकर, शुभदा गिजरे ने किया। विभिन्न कार्यक्रमों के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी सदस्यों को भावी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने और दूसरों को इसके लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या पात्रीकर ने किया। कार्यक्रम के बाद स्वरुप भोजन की व्यवस्था की गई।

### उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने ग्राम सारधा में न्यायालयीन कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवास गृह का किया लोकार्पण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने आज मुंगेली जिले के तहसील लोरमी के ग्राम सारधा में न्यायालयीन कर्मचारियों हेतु नवनिर्मित निवास गृह का वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने कार्यक्रम में नवीन निवास गृह के लिए कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी जिले में न्यायिक कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त रहवासी कालोनी उत्साहवर्धक एवं नयी ऊर्जा का संचार करने वाली होती है, जिससे न्यायिक कर्मचारियों के कार्यकुशलता की दक्षता में वृद्धि होती है। न्यायिक कॉलोनी ऐसे बने जो राज्य के लिए एक मिसाल साबित हो। उन्होंने कहा कि हमें राज्य के न्यायालयों को काम करने हेतु बेहतर माहौल एवं सुविधा प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, ताकि आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम को न्यायाधिपति श्री नरेन्द्र कुमार व्यास, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालयीन एवं पोर्ट फोलियो जज, जिला मुंगेली के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि लोरमी के न्यायिक कर्मचारियों के लिए एक जी टाईप, सात एच टाईप एवं चार आई टाईप सर्वसुविधायुक्त शासकीय आवासगृह का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्रकुमार अजगल्ले ने ग्राम सारधा लोरमी तहसील में नई सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी की सौगात देने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मुनि श्री संधानसागरजी महाराज ने कहा- रिकॉर्ड बनाओ-रिकार्ड पाओ

**अनंतपुरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणी, आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने स्वयंभू स्तोत्र ग्रन्थ पर 23 वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ जी के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा . कि जो रिकॉर्ड बनाता है वही रिगार्ड प्राप्त करता है। भगवान पार्श्वनाथ की विश्व में सबसे ज्यादा प्रतिमा है इसका



कारण मुनि श्री ने बताया कि उन्होंने भयंकर उपसर्ग सहें। वे कभी भी अपनी आत्म साधना से च्युत नहीं हुये, परिणाम हर व्यक्ति उनकी आराधना- भक्ति-उपासना करना चाहता है। ऐसा नहीं कि 24 तीर्थकर में कोई किसी से कम हो पर भगवान पार्श्वनाथ ने एक ऐसा आदर्श हमारे लिए प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सुनकर हो जी साहस सम्बल प्राप्त होता है। दारुण उपसर्ग करने वाला वह कमठ का जीव भी अंत में हार मान गया और उन्हीं के चरणों का दास हो गया। अपनी गलती पर इतने आँसु बहाये कि मन का सारा मैल धुल गया और सम्यग्दर्शन को प्राप्त कर लिया। पूज्य मुनि श्री जी ने वर्तमान। काल की बुराइयों पर कुठाराघात करते हुये कहा कि वास्तविक एवं प्राकृतिक जीवन तो गांवों में ही बचा है शहरों % में तो ऊंची दुकान और फीके पकवान वाली कहावत हो गयी है। अंत में गुरुदेव का हायकु- तुमसे मेरे, कर्म कटे मुझसे तुम्हें क्या मिला ? का बहुत ही सुन्दर अर्थ पूज्य श्री नें समझाया।


### गांव-गांव और पांव-पांव चलकर, कुण्डलपुर की ओर बढ़ते कदम

संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज के मुगल शिष्य मुनि श्री 108 दुर्लभ सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 संधानसागर जी महाराज का ऐलोरा से कुण्डलपुर की ओर बडी तीव्र गति से विहार चल रहा है। मुनिदय गांव - गांव और पाव - पाव चलकर लगभग 800च.रू की दुरी लगातार तय कर चुके है। पूज्य मुनि श्री संधान, सागर जी महाराज ने हमारे संवाददाता को बताया को प्रतिदिन 25 किमी . का विहार सुबह - शाम हो रहा है।यह विहार एलोरा से प्रारम्भ हुआ जिसमें बीच में भामदेवी का पंचकल्याणक आचार्य भगवन आचार्य भगवन की अंतिम भावना अनुसार सम्पन्न कराते हुये दोनो मुनिराज अमरावती, मुक्तागिरी, बैतुल, इटारसी, गाडरवारा, तेन्दूखेग बीना बारहा जी होते दुये . दमोह के वास बासा गांव पहुँच गये। आगे आगे दयोदय गौशाला टीकमगढ़ का सुन्दर रथ भजन पाठ की स्वर लहरीयाँ बिखेरते हुये चला। बिहार का पूरा खर्चा बम्बई के भावक श्रेष्ठी श्री मान प्रशांत - दिव्या भरत पारस जैन ने किया हो एवं एलोरा गुरुकूल कमेठी साथ रही।

**-विद्यावाणी संकलन**

## समय वर्ष का परिवर्तन जीवन में व्रत नियम से परिवर्तन का संदेश देता है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**पारसोला ( विश्व परिवार )।** समय परिवर्तन का संदेश देता है उसे संदेश पर ध्यान देने की जरूरत है, जीवन का विकास और उत्थान के लिए परिवर्तन जरूरी है। नूतन विक्रम संवत प्रारंभ हुआ है पारसोला नगर ने पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, सिद्धचक्र मंडल विधान का लाभ लिया है तथा बहुत वर्षों की प्रतीक्षा भी चातुर्मास की घोषणा से पूरी हो गई है। समाज को सजगता और सावधानी की जरूरत है जो संत समागम का लाभ मिला है उससे पुण्य अर्जन का



अवसर छूटना नहीं चाहिए भगवान की पूजा आरती करना पर्याप्त नहीं है दुर्लभ मनुष्य पर्याय में अनेक अवसर आते हैं उन अवसर का सदुपयोग करना चाहिए जन्मदिन के साथ संभावित मरण का भी ध्यान रखना जरूरी है क्योंकि जीवन की हर सांस, हर पल नश्वरता का संदेश देता है।दुर्लभ मनुष्य पर्याय में जीवन को कैसा सुरक्षित बनाएं उसकी शिक्षा लेकर जीवन को संस्कारों से सार्थक करें। यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने पारसोला की धर्म सभा में प्रगट की। गज्जू भैय्या राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने जीवन की जन्म, बचपन, किशोर अवस्था, यौवन अवस्था और बुढ़ापे का जिक्र कर बताया कि जो समय बीत जाता है वह वापस नहीं आता है यौवन अवस्था बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे जीवन अच्छा भी होता है और जीवन बिगड़ भी जाता है। संत समागम से युवा अवस्था में सही दिशा मिलती है जिससे दशा सुधर जाती है।जीवन में व्रत नियम का बांध बनाकर जीवन को संयमित और संस्कारित करने से जीवन उन्नत होता है। आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व मुनि श्री हितेंद्र सागर जी ने प्रवचन में बताया कि श्रावक को द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के दृष्टिकोण से भक्ष्य और अभक्ष्य पदार्थ का ज्ञान होना चाहिए जिस प्रकार पानी को रोक कर बांध बनाने से पानी ऊपर उठता है, इसी प्रकार जीवन में भी व्रत नियम की बाढ़ लगाने से जीवन ऊपर उठता है संस्कारित होता है और विकार रूपी कर्मबंध नहीं होते हैं।जैन धर्म रतन का दीप है नियम से अक्षय संपदा मिलती है।

धर्म सभा में शिष्या आर्यिका श्री महायशमति माताजी ने बताया कि श्रावक श्रविका का मनुष्य पर्याय में क्या कर्तव्य है इसकी विवेचना में बताया कि श्रावक श्राविका को भगवान के दर्शन पूजा, अर्चना, परिणाम में छल कपट दूर रख निर्मलता और सरलता से करना चाहिए। मनुष्य को चार प्रकार के दान देना चाहिए आहार दान, औषधि दान अभयदान, और शास्त्र दान मुख्य है आहार दान की चर्चा करते हुए माताजी ने बताया कि आहार देने वाले में क्या गुण होना चाहिए इन गुणों से आहार परिणाम और भाव निर्मल रखकर दिए जाते हैं तो पुण्य की वृद्धि होती है आहार देने वाले में श्रद्धा, संतोष, विज्ञान लोभ का अभाव, नवधा भक्ति सत्यता, क्रोध का त्याग और क्षमा गुण का होना जरूरी है इससे परिपूर्ण जो दाता साधु को आहार देता है उसके पुण्य में वृद्धि होती है।

**-राजेश पंचोलियां**

## मोक्षमार्ग जटिल हो सकता है पर कुटिल नहीं, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की साधना से जगत आलोकित। समय सागर

**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने अपनी अर्धशती से अधिक काल की साधना से जगत को आलेकित किया है हम युगों युगों तक उस प्रकाश से प्रकाशित रहेगें।गुरू की महानता का गुणगान करते हुये भावी आचार्य व वर्तमान में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के ज्येष्ठ निर्यापक श्रमण श्री समय सागर महाराज ने कुण्डलपुर में प्रवेश के उपरांत उपस्थित समुदाय को बताया कि हम पर उन्होंने असीम उपकार किया है किंतु गुरुदेव स्वयं को निमित्त मात्र मानते थे।

निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज ने कहा कि गुरुदेव ने हमें बताया कि बाह्य साधना अपनी जगह है किंतु अंतरंग साधना बहुत महत्वपूर्ण है। एक दृष्टांत के माध्यम से समझाया कि भगवान के समवशरण में एक चक्रवर्ती के साथ एक आठ वर्ष का बालक भी विद्यमान है। दिव्य ध्वनि सुनने के पश्चात चक्रवर्ती को अपने महल में जाने की याद आती है जबकि आठ वर्षीय बालक के अंतरंग में भगवान की दिव्य ध्वनि समा जाती है। समवशरण से बाहर आकर वह एक अन्तरमुहुर्त में मुक्ति पा लेता है।

आपने बताया कि गुरु महाराज बताते थे कि मोक्ष मार्ग जटिल हो सकता है पर कुटिल नहीं।असंख्य भव्य आत्माओं ने उत्कृष्ठ साधना कर मोक्ष प्राप्त किया।सबसे



उत्कृष्ट साधक तीर्थंकर भगवंत हैं। आदिनाथ भगवान को एक हजार वर्ष लग गये थे केवल ज्ञान पाने में, साधना की श्रेष्ठता पर उपलब्धि का काल निर्भर होता है। साधना की श्रेष्ठता और पूर्णता पर लक्ष्य प्राप्ति होती है।

आपने कहा कि जिसके मन में गुरु और प्रभु विराजमान हों उसे कोई समस्या नहीं होती, स्वमेव समाधान हो जाता है। निर्यापक ज्येष्ठ मुनि श्री समय सागर महाराज ने बताया कि दो वाणी होती हैं जिनेन्द्र वाणी और गुरुवाणी, जिनेन्द्र भगवान की गंभीर वाणी की समझ हमें गुरुवाणी से मिलती हैं। चालीस पैंतालीस वर्ष हमने आचार्य महाराज के चरणों में बैठकर उनकी वाणी सुनने और समझने का अवसर मिला।अब हमें वो वाणी उनके आदेश निर्देश प्रत्यक्ष उपलब्ध नहीं हैं किंतु परोक्षत: हम उन्हीं के आदेश निर्देश का पालन कर रहे हैं।आपने बताया कि प्रत्यक्ष आराधना से अधिक महत्वपूर्ण परोक्ष आराधना होती है। कुण्डलपुर से भव्य आत्मा ने सिद्धत्व की प्राप्ति की है, इसके पूर्व हम कुण्डलपुर में बड़े बाबा और आचार्य महाराज के चरणसानिध्य में साधना करते थे। हमें आज भी बड़े बाबा और छोटे बाबा देख रहे हैं। संसार में परिवर्तन होता रहता है।

ज्येष्ठ निर्यापक श्रमण संघ के भावी आचार्य श्री समय सागर महाराज जी ससंघ कुण्डलपुर आगमन पर देश भर के लाखों श्रद्धालुओं ने भक्तिपूर्वक अगवानी की। मंच पर पंहुचते ही संपूर्ण मुनिसंघ ने समयसागर जी महाराज को नमोस्तु कर तीन प्रदक्षिणा की। **-वेदचन्द जैन**

## दीक्षार्थी शकुंतला जैन की गोद भराई के साथ निकाली गई शोभा यात्रा




दीक्षार्थी के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रशांत जैन शास्त्री द्वारा दीक्षा का महत्व समझाया गया।

**एक परिचय दीक्षार्थी शकुंतला जैन काला :** शकुंतला देवी का जन्म सन 1955 में श्री मोतीलाल जैन एवं माता श्री शांति देवी चांदवाड की बगिया में

**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** दीक्षार्थी शकुंतला जैन की सोमवार की संध्या बेला में शोभायात्रा निकाली गई एवं गोद भराई की गई। यह शोभा यात्रा काला निवास राजस्थान मील से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। यह 25 अप्रैल को आचार्य श्री 108 इंद्रनंद जी महाराज एवं निपुण नंदी जी महाराज से डिग्गी मालपुरा में दीक्षा ग्रहण करेंगी। जिस भी मार्ग से यह शोभायात्रा गुजरी जगह-जगह दीक्षार्थी की गोद भराई कर उनका स्वागत किया गया। शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचने पर उन्होंने मूलनायक शांतिनाथ भगवान के दर्शन किए। उसके उपरांत सम्मान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीक्षार्थी के परिवार जनों का अभिनंदन किया गया। उसके उपरांत सर्वप्रथम नगर गौरव ब्रह्मचारिणी रीना दीदी द्वारा दीक्षार्थी दीदी की गोद भराई की गई। इसके उपरांत श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा दीक्षार्थी दीदी की गोद भराई कर उनका अभिनंदन किया गया। दीक्षार्थी के परिवार जनों का सम्मान समाज की और से अध्यक्ष दिलीप कुमार विनायका, उपाध्यक्ष चेतन कुमार बागड़ीया, महामंत्री राजकुमार गंगवाल, नरेश कुमार बाकलीवाल, केवलचंद लुहाड़िया आदि के द्वारा किया गया। समारोह का संचालन राजकुमार गंगवाल ने किया एवं उन्होंने

चौथ का बरवाड़ा राजस्थान में हुआ। इन्होंने दसवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की एवं इनका विवाह ताराचंद जैन सवाई माधोपुर वालों के सुपुत्र श्री कैलाश जी जैन से हुआ। इनका पूरा परिवार धार्मिक संस्कारों से परिपूर्ण रहा। इनका जीवन धार्मिक संस्कारों से परिपूर्ण रहा और लगभग 25 वर्ष पूर्व सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन कराया, इसी के साथ इन्हीं के परिवार द्वारा एवं इन्हीं की प्रेरणा से टोंक में पदम प्रभु भगवान की प्रतिमा स्थापित की। इसी के साथ भगवान की वेदी निर्माण में भी इनके द्वारा सहयोग किया गया। इनका परिवार भामाशाह कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है धर्मशाला में भी कमरों के निर्माण, संत निवास, औषधालय आदि में इनके द्वारा सहयोग दिया जाता रहा है। यह सदा से संत सेवा में साधु के आहार विहार में अपनी पूर्ण सहभागिता देती रही है। इन्होंने कई पंचकल्याणकों में भी भाग लेकर इंद्र इंद्राणी बनाकर धर्म आराधना की है। सन 2018 में आचार्य श्री 108 इंद्रनंद जी महाराज द्वारा अतिशय क्षेत्र सांखना में कराए गए पंचकल्याणक में इन्हें भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। कई वर्षों से उनकी इच्छा रही कि मैं संसार का त्याग कर दीक्षा को ग्रहण करूं लेकिन यह समय अब आया है। जो निश्चित रूप से अनुमोदनीय है। **-अभिषेक जेन लुहाड़िया**

## स्वस्ति भूषण माताजी का गुरु धाम में हुआ मंगल प्रवेश त्याग जितना होगा उतना अपने पास आओगे स्वस्ति भूषण माताजी



**फाटाखेड़ा गुरुधाम ( विश्व परिवार )।** परम पूज्या भारत गौरव स्वस्ति धाम प्रणेता गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी का फाटाखेड़ास्थित गुरुधाम में हुआ। जहां भक्तों के बीच गुरु मां की भव्य अगवानी हुई। गुरु धाम पहुंचने पर गुरु धाम के प्रमुख श्री लोकेश जैन एवं उनके परिवार ने गुरु मां की भक्ति पूर्वक अगवानी की एवं अपने आप को धन्य माना। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के महामंत्री श्री विनोद जैन टोरडी, यथार्थ पाटनी, लोकेश जैन अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी आदि ने गुरु मां के प्रति अपने भाव प्रकट किए। हिंदी नव वर्ष होने से भक्तों में गुरु मां के दर्शन के प्रति काफी उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर गुरु मां स्वस्ति भूषण माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह जान लेना चाहिए कि मेरा घर ही मेरी आत्मा है। लेकिन यह मन घर में रहता ही नहीं है। यह मन बाहर ही रहता है। उन्होंने कहा कि जो यह जान लेता है कि मेरा घर ही मेरी आत्मा है, सच्चे अर्थों में वही धर्म करता है। उन्होंने कहा कि आत्मा को जानना पर्याय को जानना है में जहां रह रहा हूं पराया घर किराए का घर है। शरीर में रहकर आत्मा का ध्यान आना चाहिए। शरीर को अपना मान लिया है जो नहीं है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए जोर देते हुए कहा कि तुम शरीर का उपयोग करते हो या शरीर तुम्हारा उपयोग करता है। यदि तराजू से तोला जाए तो घाटे का सौदा होगा। 12 घंटे आत्मा को दें और 12 घंटे शरीर को दें। उन्होंने ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि ध्यान करना, स्वाध्याय करना, संयम रखना, गुरु सेवा करना सब अपने लिए है। धर्म का मुख्य कारण आत्मा आत्मा लेकर अपने आप को समर्पित कर दो, परिणामों को शांति मिलेगी। उन्होंने कहा जैसी संगति में रहोगे वैसा ही ज्ञान आएगा। जैसी संगत वैसी रंगत। त्यागी के साथ रहोगे तो तुम्हारा मन भी तुम्हें त्यागी और ले जाएगा। विषयों की चाह के कारण मन बाहर जा रहा है। विषयों में ज्यादा रहते हैं और ध्यान कम करते हैं। उन्होंने कहा जितनी छोड़ी इच्छा उसकी होगी दीक्षा नहीं छोड़ी इच्छा उसकी नहीं होगी दीक्षा। त्याग जितना होगा उतना अपने पास आएंगे। अच्छे कर्मों के भाव बनना चाहिए। और प्रभु की कृपा मानना चाहिए।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## आदिनाथ से महावीर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े में राजस्थान जैन युवा महासभा ग्रामीण जोन द्वारा किया सामूहिक अभिषेक व जिनेन्द्र देव दर्शन

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक दिवस से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस तक आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को युवा महासभा के जयपुर ग्रामीण जोन ने श्री दिगम्बर जैनअतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में सामूहिक अभिषेक व जिनेन्द्र देव दर्शन किए।



इस मौके पर पूरा मंदिर परिसर भगवान पदमप्रभू के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद कोटखावदा, सांगानेर संभाग महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन, जिनेन्द्र जैन जीतू, सांगानेर जोन अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, ग्रामीण जोन अध्यक्ष अजय गंगवाल, महामंत्री अमन जैन कोटखावदा, संयुक्त मंत्री अमित गंगवाल, विनोद जैन, नीरज जैन, पूरण जैन चौरू, विनोद गंगवाल, अनमोल सेठी सहित बडी संख्या में जैन बन्धु मौजूद रहे।

प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा व जयपुर ग्रामीण जोन के महामंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि पखवाड़े के तहत बुधवार को सांगानेर जोन द्वारा प्रात: 8.00 बजे पिंजरापोल गौशाला में जीव दया एवं नि:शुल्क परिण्डा वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े का समापन रविवार 21 अप्रैल को होगा।

## सागर जिले से 12 हजार लोग पहुंचे और आगवानी की

**सागर ( विश्व परिवार )।** भावी आचार्य श्री समय सागर महाराज की भव्य और दिव्य अगवानी में सागर जिले से लगभग 10 -12 हजार से अधिक लोगों ने कुंडलपुर पहुंच कर भाग लिया। सागर नगर से 65 बसें, ट्रेन और 250 से अधिक फोर व्हीलर कार गाड़ियां से लगभग 5000 लोग कुंडलपुर पहुंचे और 3 किलोमीटर तक पैदल चलकर अगवानी में भाग लिया।



सागर जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना ने बताया कि पटेरा से शुरू हुई अगवानी में निर्यापक मुनि श्री समय सागर महाराज, मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज, निर्यापक मुनि श्री वीर सागर महाराज, ऐलक महाराज, क्षुल्लक महाराज और 6 आर्यिका संघ की 81 माताजी सहित कुल 105 पिच्छिकाओं की अगवानी कुंडलपुर में विराजमान सभी निर्यापक मुनि और आर्यिका संघ के अलावा हजारों लोगों की उपस्थिति में हुई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा आदि प्रांतो के अनेक हिस्सों से लोग इस अगवानी को देखने के लिए कुंडलपुर पहुंचे थे अनुमान है की लगभग 1 लाख से अधिक लोग इस अगवानी में एकत्रित हुए दिव्य घोष, अखाड़े, डुल डुल घोड़ी, बरेदी नृत्य, के अलावा महिला मंडल ड्रेस कोड कलश लेकर वहीं पुरुष वर्ग आचार्य श्री और भावी आचार्य के चित्र लेकर के साथ में चल रहे थे। देश भर के श्रावक श्रेष्टि कुंडलपुर पहुंचे। दयोदय महासंघ के अध्यक्ष प्रेमचंद प्रेमी और महामंत्री राकेश जैन ने चार किलोमीटर तक की स्वागत की तैयारी के लिए छत्तीस गेट लगवाए थे वही आचार्य समय सागर महाराज का पाद प्रक्षालन निर्यापक मुनिराजो ने किया। 4 किमी की आगवानी 2 घंटे में पूरी हुई। सागर से भाग्योदय और सर्वतोभद्र जिनालय के ट्रस्टियों सहित सभी 58 जैन मंदिरों के पदाधिकारियों विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब बेचने के दो मामले में तीन गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले के सोरिद पुल के पास एवं डोगानाला,मारागांव रोड में अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले तीनों आरोपियों को कोतवाली एवं मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से कुल 22 नग बटवाईजर मैगनम एवं 09 लीटर देशी कच्ची महुआ तथा बिक्री रकम नगद 250 रूपये जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण,निर्विघ्न एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने,असामाजिक गतिविधियों व अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने लगातार चलाया जा रहा अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिये गए है। इसी तारतम्य में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब रखने की मुखबीर सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस एवं मगरलोड पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए सोरिद पुल के पास कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी रूद्र नारायण साहू पिता रमेश साहू उम्र 34 वर्ष निवासी आमदी,थाना अर्जुनी जिला धमतरी तथा सुनील सोना पिता लालमंद सोना उम्र 33 वर्ष निवासी जालमपुर वार्ड,थाना धमतरी, जिला धमतरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा सोरिद पुल के पास अपने स्कूटी वाहन से अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 22 नग बटवाईजर मैगनम बीयर तथा वाहन जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। वहीं दूसरे मामले में थाना मगरलोड पुलिस ने किशुन राम ध्रुव पिता भोलुराम उम्र 53 निवासी ग्राम सरईभदर द्वारा डोगानाला को मारागांव रोड में आम जगह पर शराब बिक्री करते रंगे हाथो पकड़ा तथा उसके पास से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 250 रूपये बिक्री रकम जब्त किया है। मामलें में आरोपी के विरुद्ध थाना मगरलोड में आबकारी की धारा 34(2)के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

### आचार संहिता के चलते संदिग्ध वाहनों की चेकिंग जारी

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** आगामी लोकसभा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत ओपी मोहरा, सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्घंन करने वालो के कुल 58 प्रकरण में 21,000 रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### भांजे के हमले से मामा घायल,भांजा गया जेल

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** भांजा को नशे से दूर रहने की समझाइश देना मामा को महंगा पड़ गया,इस छोटी सी बात को लेकर भांजा ने मामा के ऊपर डंडे से प्रहार कर दिया जिससे मामा को गंभीर चोट लगी।घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च के रात्रि लगभग 12 बजे बजे ग्राम मालगांव निवासी प्रार्थी संतोष निषाद पिता घुरउ राम सिटी कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 मार्च को इनका छोटा भाई कुलेश्वर निषाद अपने घर के सामने भांचा वीर सेन को नशे से दूर रहने समझाईश कर रहे थे।इसी दौरान आरोपी वीर सेन हर बार मेरे निजी जिंदगी के बारे बात करते हो तुम मुझे बोलने वाले कौन होते हो आज तुम्हे जान से मार डालूंगा बोलते हुए वहीं पास पड़े लकड़ी के डण्डा से इनके भाई के सिर मे प्राणघातक हमला कर चोंट पहुंचाया।इस रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।विवेचना के दौरान प्रार्थी के ऊपर आई चोंट का जिला अस्पताल गरियाबंद से मुलाहिजा कराते हुए प्रार्थी गवाहों का कथन लेख किया गया है।विवेचना दौरान आरोपी वीर सेन से पुछताछ पर आरोपी द्वारा अपराध कबूल किया।गवाहों के समक्ष आरोपी का धारा 27 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत कथन लेख किया गया और कथन के आधार पर आरोपी आरोपी वीर सेन से घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डण्डा जप्त किया गया है।विवेचना में आरोपी के विरूद्ध गिरफ्तारी योग्य साक्ष्य पाये जाने से अप.क्र. 154/2024,धारा 307 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेजा गया।उक्त कार्यवाही एएसआई टीकाराम ध्रुव,प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंहा,डीगेश्वर साहू,कुंदन जगने,मुरारी यादव योगेश सिंग द्वारा किया गया।

## रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक, आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए त्योहार

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** आगामी चैत्र नवरात्र व रामनवमीं, ईद पर्व को लेकर एडिसनल एसपी जितेंद्र चन्द्रकार एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार साहू थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े एएसआई टिकाराम धुर्व की उपस्थिति में सिटी कोतवाली में 9 अप्रैल को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। रामनवमी-ईद सहित अन्य त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में क्षेत्र के सभी समुदाय के सदस्य शामिल हुए






त्योहार हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं व समिति सदस्यों ने आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुसार व सरकार द्वारा जारी नियमों के तहत मनाने का निर्णय लिया गया। नगरपालिका के पार्षद एवं सभापति भी मौजूद थे। यहां शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ ईद एवं रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित लोगों ने त्योहार को लेकर अपने अपने सुझाव दिए।क्षेत्र के सभी मंदिर व ईदगाह परिसर के आस पास साफसफाई कराने की मांग की गई,

**आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सभी से भाईचारा व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने- जितेंद्र चंद्रकार**

बैठक में एडिसनल एसपी जितेंद्र चन्द्रकार ने सभी लोगों से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सभी से भाईचारा व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों की पहले अनुमति लें तथा रामनवमीं के समय पुलिस गश्त लगाई जायेगी। देवी स्थलों पर पूजा करने जाने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। रामनवमीं की शोभायात्रा में विशेष प्रशासनिक व्यवस्था की जायेगी।

**सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी, किसी प्रकार की कोई बात होगी, तो अविलंब पुलिस को सूचना दें- थाना प्रभारी जांगड़े-** थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े ने कहा कि ईद, रामनवमी शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। कहा, सभी धार्मिक जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। रामनवमी का जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय पर ही निकाली जाए। जुलूस में डीजे निर्धारित साउंड में ही बजाना है और सिर्फ धार्मिक गीत ही बजाना है। जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के वॉलंटियर सक्रिय रहेंगे। अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखना है और किसी प्रकार की कोई बात होगी, तो अविलंब पुलिस को सूचना दें। बैठक में ये रहे उपस्थित-बीरू यादव आसिफ़ मेमन सन्नी मेमन पुष्पक देवांगन भानु राजपूत प्रकाश चंद रोहरा प्रकाश निर्मलकर प्रकाश सोनी रिक्की गुप्ता ज्योति शाहनी प्रतिभा पटेल भानु प्रताप सिंह केशनाथ साहू उमेदी कोमर्रा।

## बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, अपितु कानूनन अपराध भी, बाल विवाह रोकने कलेक्टर ने किया अपील

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिलावासियों से रामनवमी एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर सम्पन्न होने वाले बाल विवाह की रोकथाम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, इच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चें दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और की 18 वर्ष से कम आयु के लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सहायता करता है, उनको 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनां से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय दंडाधिकारी, संबंधित पुलिस थाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 महिला हेल्पलाईन 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

## आईपीएल मैच में ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाला पकड़ाया

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले की अर्जुनी थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा का संचालन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,तथा आरोपी के पास से नगदी 10995 रूपये,मोबाईल फोन तथा एक दुपहिया वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब जुआ सट्टा एवं अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए हैं। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अर्जुनी को मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम तेलीनसत्ती अन्डरब्रीज के पास सागर चावला नाम का व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से आनलाईन सट्टा का खेला रहा है कि सूचना पर मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया जो आरोपी सागर चावला के द्वारा दिल्ली कैपिटल व मुंबई इंडियन के मध्य क्रिकेट मैच पर ग्राहकों से हार जीत पर रूपये पैसों का दांव लगाकर दो नग मोबाइल के माध्यम से माध्यम से आललाईन सट्टा खेला रहा था जो मौके पर जाकर जब्ती कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने मोबाईल के माध्यम से आनलाईन सट्टा का संचालन करना बताया जिस पर आरोपी सागर चावला को विधिवत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अर्जुनी थाने में धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 07 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। मामलें में पुलिस ने सागर चावला पिता मुकेश चावला उम्र 27 वर्ष निवासी कोष्टापारा धमतरी, थाना सिटी कोतवाली,जिला धमतरी को गिरफ्तार किया है।

## मतदान प्रशिक्षण में शराब पीकर आने वाले दो शिक्षक सस्पेंड

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्र विजय दयाराम के. ने मतदान के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शराब पीकर आने वाले दो सहायक शिक्षकों को निलंबित किया। प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने वाले करने एक पीठासीन और एक मतदान कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मतदान कर्मियों का विद्याज्योति स्कूल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में उपस्थित सहायक शिक्षक विनय कुमार मिंज, खगेश्वर कश्यप द्वारा वहां शराब पीकर आने की शिकायत प्राप्त होने पर डॉक्टर मुलाहिजा कराया गया था।डॉक्टर के द्वारा मद्यपान किये जाने की पुष्टि किया गया। विनय कुमार मिंज, खगेश्वर कश्यप द्वारा यह कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-23 के प्रतिकूल है। शिकायत प्रथम दृष्टिया सही पाये जाने पर विनय कुमार मिंज और खगेश्वर कश्यप के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके अलावा मतदान दल में पीठासीन अधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 अप्रैल में शराब का सेवन के संदेह के आधार पर चिकित्सायी जांच में पुष्टि होने पर व्याख्याता (01) भदरू राम बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## लोकसभा में भाजपा की जीत तय, फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प कर चुकी है जनता : भावना बोहरा

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियों ने अपने चुनाव प्रचार तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा भी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों एवं कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। भावना बोहरा ने सोमवार को राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में कुकदुर मंडल अंतर्गत ग्राम ताईतिरनी, महिडबरा, बदना,



कांदाबानी एवं दमगढ़ में जनसंपर्क किया और मोदी की गारंटी एवं विगत 10 वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को लेकर जनता से जनसंपर्क कर उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक किया साथ ही कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो वादे करती है उसे पूरा करने के लिए समर्पित भी रहती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही 100 दिनों के भीतर जिस निरंतरता एवं तत्परता से जनहित के निर्णय लिए गए हैं उसे हर कोई जनता है। महतारी वंदन योजना, आवास योजना, किसानों का दो वर्ष का बकाया बोनस, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी जैसे अपने वादों को पूरा किया गया यही है मोदी जी की गारंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भी किये गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता भलीभांति जानती है, 500 वर्षों बाद अयोध्या में प्रभु राम मंदिर का निर्माण कर करोड़ों भक्तों की आस्था का सम्मान करने का काम प्रधानमंत्री जी ने किया है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पाण्डेय जी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कई विकास कार्य किये हैं इसलिए पार्टी ने उनपर विश्वास कर पुन: प्रत्याशी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम तथा ईव्हीएम वितरण केन्द्र का निरीक्षण

**कांकेर(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू ने आज शाम चार बजे ग्राम नाथियानवागांव स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक में स्थापित स्ट्रांग रूम तथा ईव्हीएम वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर विभिन्न व्यवस्थाओं से अवगत हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने उन्हें ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष, मतगणना में लगे कर्मचारियों, अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं के प्रवेश मार्ग, स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम को लाने-ले जाने आदि की जानकारी रूटचार्ट के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि कांकेर



एवं भानुप्रतापपुर के मतदान दलों को यहीं से ईव्हीएम वितरित की जाएगी तथा मतदान के पश्चात् मशीनों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां जमा भी कराई जाएगी। ईव्हीएम के लिए पृथक-पृथक् वितरण केन्द्र भी बनाए जाएंगे, जहां से ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट को लेकर मतदान दल रवाना होंगे। कलेक्टर ने यह भी बताया कि मतदान के बाद मतगणना तक पॉलिटेक्निक स्थित स्ट्रांग रूम में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखी जाएंगी। इसके अलावा उन्होंने मतगणना ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों, अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं के प्रवेश द्वार, अलग-अलग स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे से सतत् निगरानी आदि के संबंध में सामान्य प्रेक्षक को मौके पर अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चंद्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदान और 04 जून को मतगणना सम्पन्न होगी। इसकी पूर्व-तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने आज पॉलीटेक्निक परिसर में पहुंचकर अवलोकन किया तथा मतदान के पूर्व और पश्चात् की व्यवस्थाओं से वे रू-ब-रू हुए।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो मवेशी की मौत

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** क्षेत्र में हो रहे बेमौसम बरसात के चलते किसान और आम लोग तो परेशान है साथ बिजली कड़कने और आकाशीय बिजली गिरने से सोमवार के सुबह दो मवेशी की मौत हो गई।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह से ही लगातार पानी गिर रहा है,साथ ही तेज गरज भी हो रहा है।इसी दौरान सुबह साढ़े नौ बजे जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम नांगाबूडा में तेज़ बादल गरजा और आकाशीय बिजली गिरा जिससे ग्राम नांगाबुडा के पंचराम पटेल पिता मैकुराम पटेल के बाड़ी में लगा इमली के झाड़ में गिरे बिजली के चलते वही नजदीक में बंधे दो मवेशी की मौत तत्काल हो गई,घटना में गनीमत यह रहा कि कोई जनहानी नही हुआ।इस बात की जानकारी लगते ही मवेशी मालिक मौके पर पहुंचे और पटवारी कोटवार को बुलाकर उक्त मवेशी की मौत की औपचारिकता पूरी करने की तैयारी में है।

## व्यापार समाचार

### बायबाय ई-रिक्शा ने उपभोक्ताओं को आसान फाइनेंसिंग सुविधा देने के लिए रेवफिन से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट कंपनी बायबाय ई-रिक्शा ने कहा कि उसने ई-रिक्शा के आसान फाइनेंसिग के लिए डिजिटल ऋणदाता कंपनी रेवफिन के साथ साझेदारी की है। बायबाय ई-रिक्शा निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी घरेलू कंपनियों में से एक है और पिछले 10 साल से वाहनों के साथ-साथ ई-लोडर भी बना रही है। बायबाय के सह-संस्थापक राजीव तुली ने कहा कि एमओयू समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाएगा। तुली ने कहा, हमने देखा है कि एक ई-रिक्शा चालक अपने परिवार का भरण-पोषण ठीक से कर पाता है और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाता है। रेवफिन के संस्थापक समीर अग्रवाल और तुली के बीच हुए इस करार से ई-रिक्शा की उपलब्धता आसान होगी और जरूरतमंद लोगों तक अच्छी गुणवत्ता वाला ई-रिक्शा पहुंचाया जा सकेगा। बायबाय द्वारा बनाए गए ई-रिक्शा और ई-लोडर असम सहित विभिन्न राज्यों में उपलब्ध हैं। रेवफिन 2017 से इलेक्ट्रिक वाहनों का वित्तपोषण कर रहा है। कंपनी के ज्यादातर ग्राहक कस्बों, तहसीलों और छोटे शहरों से हैं, जिन्हें बिना किसी औपचारिकता के आसान किस्तों में ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक वाहन मिल जाते हैं। कंपनी अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के तहत ऋण प्रदान करती है।

### बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने की कीमत में वृद्धि जारी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मध्य एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने में फिर तेजी आई। 5 जून, 2024 को मैच्योर होने वाला सोना वायदा एमसीएक्स पर 70,981 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, जो 70,636 रुपये के पिछले स्तर से 345 रुपये या 0.49 प्रतिशत ज्यादा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 2,353.79 डॉलर प्रति औंस की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद 2,343.89 डॉलर प्रति औंस पर है। इस साल अब तक सोने की कीमत में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय बैंकों ने बड़ी मात्रा में सोना खरीदा है और इजराइल-हमास संघर्ष के कारण बढ़ते तनाव के बीच इसकी मांग बढ़ गई है। यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती के संकेत से भी सोने की खरीददारी में वृद्धि हुई है। सोमवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास है, जबकि मुंबई में यह 71,280 रुपये प्रति 10 ग्राम, चेन्नई में 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

### अब बिना इंटरनेट करें चैटिंग गूगल कर रहा है यह धमाका

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अगर आप गूगल चलाते हैं तो यह खबर आपके लिए काम की खबर है। दरअसल त्नश्नश्दद्यद्ग मैसेजिंग ऐप के लिए नया सैटेलाइट मैसेजिंग फीचर पेश करने जा रहा है। इस ऐप में एक फीचर यह है कि इससे यूजर का गूगल मैसेजिंग फीचर सीधे सैटेलाइट कनेक्टिविटी से लिंक करेगा। मतलब इसके लिए मोबाइल टॉवर की जरुरत नहीं होगी। यूजर सीधे गूगल सैटेलाइट मैसेजिंग टूल ओपन करके मैसेज कर पाएगा। गूगल सैटेलाइट मैसेजिंग फीचर की एंट्री से व्हाटसएप को जोरदार टक्कर मिलने की उम्मीद है। साथ ही गूगल का नया मैसेजिंग फीचर द्बक्कद्धश्ठ्ठद्ग के इमरजेंसी मैसेजिंग फीचर से भी काफी बेहतर होगा, क्योंकि इसमें आपातकालीन सर्विस के साथ ही जरूरी मैसेज का रिप्लाई करने की सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विख्यात टेक कंपनी गूगल ने यूजर्स के लिए मैसेज ऐप का नया बीटा वर्जन रोल आउट कर दिया है। इस ताजा अपडेट के बाद Gemini AI Integration की सुविधा Google Messages में मिलना शुरू हो गई है। गौरतलब है कि,द्ब असिस्टेंट के मैसेज ऐप में इंटीग्रेशन को लेकर कंपनी एक माह पहले ही घोषणा कर चुकी है और इसका रोलआउट अब शुरू कर दिया गया है।

### सैमसंग ने भारत में श्रेणी में अग्रणी सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, शक्तिशाली प्रोसेसर और स्टाइलिश डिज़ाइन के साथ गैलेक्सी M55 5G, गैलेक्सी M15 5G लॉन्चन किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज दो शानदार डिवाइस, गैलेक्सी M55 5G और गैलेक्सी M15 5G को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसमें कई सेगमेंट में अग्रणी फीचर्स मौजूद हैं। बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी रूसीरीज़ में शामिल किए गए ये नए स्मार्टफोन यूजर्स को सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, शानदार बैटरी और शक्तिशाली प्रोसेसर के साथ स्मार्टफोन का एक बेहतर अनुभव देते हैं। इस मौके पर सैमसंग इंडिया के एमएक्स डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा सैमसंग की सोच के मुताबिक, हम नए गैलेक्सी M55 5G और गैलेक्सी M15 5G के साथ इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे दो शानदार डिवाइस जो युवा उपभोक्ताओं के अंतहीन जुनून को शक्ति देने के लिए तैयार हैं। सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, स्टाइलिश स्लीक डिज़ाइन, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन प्रोसेसर और चार जेनरेशन के ओएस अपग्रेड और पांच साल के सिक्योरिटी अपडेट के बेजोड़ वादे सहित कई सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स के साथ, हम गैलेक्सी M55 5G और गैलेक्सी M15 5G के जरिए ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव देंगे।'' **आइकॉनिक डिज़ाइन-** गैलेक्सी M55 5G और गैलेक्सी M15 5G में आइकॉनिक गैलेक्सी सिग्नेचर डिज़ाइन है। जो इसे सुंदरता और भव्यता प्रदान करता है। गैलेक्सी M55 5G बेहद पतला और हल्के वजन का है। इसकी चौड़ाई केवल 7.8 मिमी है जो इसे इस्तेमाल करने के लिए बहुत एर्गोनोमिक बनाती है। गैलेक्सी M55 5G दो नए रंगों - लाइट ग्रीन और डेनिम ब्लैक में उपलब्ध होगा।

## यश ठाकुर के शानदार खेल से लखनऊ ने गुजरात को 33 रन से हराया

**आईपीएल 2024**



**लखनऊ( एजेंसी )।** यहां के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में यश ठाकुर के 30 रन, पांच विकेट और क्रुणाल पंड्या के तीन विकेट की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार को गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हरा दिया। जीत के लिए 164 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ की आर से साई सुदर्शन ने नवीन-उल-हक की गेंदों पर दो चौके लगाए। मयंक यादव तीसरा ओवर फेंकने आए और अपना पहला ओवर पूरा करने के बाद साइड स्ट्रेन के कारण मैदान से बाहर चले गए। शुभमन गिल डीप थर्ड की रैंप वाइड के साथ आगे बढ़े। पहले ओवर में मयंक की गति बमुश्किल 140 किमी प्रति घंटे से ऊपर हो पाई, क्योंकि वह अपना पहला ओवर पूरा करने के बाद सीधे मैदान से बाहर चले गए। टाइटंस के कप्तान ने जब लाइन के पार फ्लिक करने की कोशिश की तो 19 पर आउट हो गए। पावरप्ले के समापन पर गिल की टीम 1 विकेट पर 54 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। एम. सिद्धार्थ को गेंदबाजी में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने दूसरे और पारी के पांचवें ओवर में तीन बार गेंदबाजी लाइन को पार किया, लेकिन केवल 12 रन देने में सफल रहे। सातवें ओवर की समाप्ति के बाद सुदर्शन शानदार फॉर्म में दिखे और उन्होंने 18 गेंदों में 29 रन बनाए। रवि बिश ?नोई ने टाइटंस के केन विलियमसन को आउट करने के लिए एक शानदार रिटर्न कैच लिया। साई सुदर्शन और बीएस शरथ, दोनों क्रुणाल पंड्या के शुरुआती ओवर में आउट हो गए, जिससे खेल में क्रांतिकारी बदलाव आया। रिद्धिमान साहा की जगह आए विकेटकीपर शरथ ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर टॉप-एज स्वीप किया, इसके बाद बिश ?नोई ने एक और कैच लिया, सुदर्शन को हटाने के लिए डीप स्क्वायर बाउंड्री पर यह बहुत ही आसान कैच था। सुदर्शन 23 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए और अपनी टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। क्रुणाल ने स्पेल के आखिरी ओवर में अपना तीसरा विकेट लिया। उन्?होंने ग्यारह रन देकर तीन विकेट लिए। जब 36 गेंदों में 72 रनों की जरूरत थी, यश ठाकुर की गोल्डन आर्म के साथ एलएसजी बहुत तेजी से मैच बंद करने की ओर बढ़ रहा था। पारी की शुरुआत में गिल को आउट करने के बाद वह अपने दूसरे ओवर के लिए लौटे और धीमी गेंद को कवर करने के लिए राशिद खान (0) को आउट किया और विजय शंकर (17) को शॉर्ट गेंद पर स्वाइप करते हुए कैच आउट किया। राहुल तेवतिया और स्पेंसर जॉनसन ने नौवें विकेट के लिए 17 गेंदों में 24 रन जोड़े, लेकिन ठाकुर ने अपने स्पेल का आखिरी ओवर डालते हुए 3.5 ओवर में तेवतिया (30) और नूर अहमद (0) को आउट करके 30 रन देकर पांच विकेट लिए।

## ऑटो स्टॉक में तेजी से सेंसेक्स में बढ़त



**मुंबई( एजेंसी )।** बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 392 अंक बढ़कर 74,640.36 अंक पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स की बढ़त में ऑटो शेयर सबसे आगे हैं। एमएंडएम 3 फीसदी और मारुति 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर है। उधर निफ्टी 131.55 अंक चढ़ कर 22,645.20 पर कारोबार कर रहा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि आईटी कंपनियों के लिए चौथी तिमाही के नतीजे सुस्त रहेंगे। इसलिए बाजार की प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करेगी कि उसमें डिटेल्स क्या हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों के नतीजे अच्छे रहने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी बैंकिंग कंपनियों की अगुवाई में बैंक निफ्टी ऊपर जा सकता है। छोटे बैंक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पूंजीगत सामान और ऑटो मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, कम वॉल्यूम ग्रोथ के कारण एफएमसीजी कमजोर है। इस साल की शुरुआत फेड द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद के साथ हुई थी। कई लोगों का मानना है कि फेड इस साल सात से नीचे आकर केवल दो बार दरों में कटौती कर सकता है। उन्होंने कहा, अमेरिकी अर्थव्यवस्था और श्रम बाजार की मजबूती ने अधिकांश विशेषज्ञों को आश्चर्यचकित कर दिया है। दर में कटौती की उम्मीद कम होने के बावजूद अमेरिकी बाजार में तेजी बनी हुई है और यह नए रिकॉर्ड बना रहा है।

## विस्तारा एयरलाइंस ने उड़ानों में कटौती की घोषणा की



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** परिचालन की चुनौतियों के बीच विस्तारा एयरलाइंस ने अपने उड़ान संचालन में सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध कटौती की घोषणा की। निर्णय लिया गया है कि प्रतिदिन लगभग 25-30 उड़ानें कम करनी हैं, जो पिछले स्तरों की तुलना में एयरलाइन की क्षमता का लगभग 10 फीसदी है। विस्तारा के प्रवक्ता द्वारा घोषित इस कदम का उद्देश्य एयरलाइन के उड़ान संचालन को फरवरी 2024 के अंत के तुलनीय स्तर पर वापस लाना है। इन कटौतियों के साथ विस्तारा अपने रोस्टर प्रबंधन को मजबूत करना चाहता है और अधिक मजबूत व टिकाऊ परिचालन ढांचा सुनिश्चित करना चाहता है। हाल ही में एयर इंडिया के साथ विलय के एयरलाइन के फैसले के बाद नए अनुबंध की शर्तों के विरोध में पायलटों द्वारा सामूहिक छुट्टी लिए जाने के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। अप्रैल में लागू होने वाले नए अनुबंध की शर्तों के तहत विस्तारा के पायलटों को अब पिछले 70 घंटों के बजाय 40 घंटों के लिए एक निश्चित वेतन दिया जाएगा। यह बदलाव टाटा समूह की एयरलाइनों में अपनाई गई मानकीकृत वेतन संरचना के अनुरूप है।

## इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) इनवेस्को के साथ करेगी साझेदारी और इनवेस्को इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (आईएएमआई) में करेगी 60% हिस्सेदारी का अधिग्रहण



**मुंबई।** इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) और इनवेस्को लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उन्होंने एक संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाने के लिए एक निश्चित समझौता किया है और आईआईएचएल, इनवेस्को एसेट मैनेजमेंट इंडिया लिमिटेड (आईएएमआई) में 60% हिस्सेदारी हासिल करेगी। गौरतलब है कि आईआईएचएल मॉरीशस स्थित निवेश होल्डिंग कंपनी है और जिसके पास बैंकिंग और वित्तीय परिसंपत्तियों में कई निवेश हैं। आईएएमआई इनवेस्को लिमिटेड की भारतीय शाखा है, जो एक अग्रणी स्वतंत्र वैश्विक निवेश प्रबंधन फर्म है, जिसके पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति है। आईआईएचएल इंडसइंड बैंक की प्रमोटर इकाई है, जो भारत का 5वां सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और यह बीएसई एवं एनएसई पर सूचीबद्ध है, साथ ही यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित है। इनवेस्को नवगठित संयुक्त उद्यम में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी बरकरार रखेगी, और आईआईएचएल तथा इनवेस्को दोनों को प्रायोजक का दर्जा प्राप्त होगा। आईएएमआई भारत में पांचवीं सबसे बड़ी विदेशी संपत्ति प्रबंधक और 17वीं सबसे बड़ी घरेलू संपत्ति प्रबंधक है, जिसके पास 31 मार्च, 2024 तक संयुक्त ऑनशोर और ऑफ्शोर परामर्श और प्रबंधन के तहत 853.93 अरब रुपये की संपत्ति है, साथ ही देश भर के 40 शहरों में इसकी उपस्थिति है। दोनों साझेदार इनवेस्को के वैश्विक उत्पादों और प्रक्रियाओं के पोर्टफोलियो के साथ उद्यम में अपनी-अपनी ताकत लेकर आ रहे हैं, और आईआईएचएल 11,000 से अधिक अखिल भारतीय टच पॉइंट और 45 मिलियन ग्राहक आधार के एक मजबूत वितरण नेटवर्क की सुविधा प्रदान करती है। स्वर्गीय श्री एस.पी. हिंदुजा के दूरदर्शी नेतृत्व में 1993 में स्थापित, आईआईएचएल एक निवेश होल्डिंग कंपनी है, जो वैश्विक व्यापार लाइसेंस के तहत मॉरीशस के फिनांशियल सर्विस कमीशन द्वारा अच्छी तरह से विनियमित है। निदेशक मंडल द्वारा संचालित इस कंपनी के निवेश पोर्टफोलियो में बैंकिंग सेवाएं (इंडसइंड बैंक, स्टर्लिंग बैंक और ट्रस्ट लिमिटेड- बहामास), कैपिटल मार्केट ऐसेट्स (अफ्रीनेक्स एक्सचेंज लिमिटेड-मॉरीशस, 13.5 अरब डॉलर की अंतर्निहित प्रतिभूतियों की संचयी सूचीबद्धता के साथ) और ग्राहक के अनुरूप ढाली जा सकने वाली संपत्ति प्रबंधन सेवाएं (बेरिलस कैपिटल-ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर) शामिल हैं।

## रवि बिश्नोई ने कैच नहीं मैच लपका: अजय जडेजा



**लखनऊ( एजेंसी )।** लखनऊ ने रविवार को गुजरात पर 33 रन से जीत हासिल की। पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली और अजय जडेजा ने यश ठाकुर (5/30) के गेंदबाजी स्पैल और केन विलियमसन का शानदार कैच लेने के लिए रवि बिश्नोई की जम कर सराहना की। आईपीएल 2024 में अब तक कई बेहतरीन कैच देखने को मिले हैं। रविवार को इस लिस्ट में एक और जबरदस्त कैच जुड़ गया। ये कारनामा रवि बिश्नोई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ किया और पलक झपकते ही केन विलियमसन को डगआउट की राह दिखा दी। जडेजा ने इस शानदार कैच के लिए स्पिनर रवि बिश्नोई की सराहना की। उन्होंने कहा, हमने बिश्नोई को कुछ बड़े कैच लेते देखा है, लेकिन विलियमसन का उन्होंने जो कैच पकड़ा, वो बेहद मुश्किल था। ऐसा लगा जैसे उन्होंने सिर्फ कैच नहीं लिया बल्कि मैच पकड़ लिया। यह कैच लेना किसी भी गेंदबाज के लिए आसान नहीं है। यह इतना महत्वपूर्ण कैच था जिसने मैच पलट दिया। जडेजा ने यश ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा, शुभमन गिल का पहला विकेट जो उन्होंने लिया वह सबसे महत्वपूर्ण था और अंत में उन्होंने जो विकेट लिए वह बोनस थे। बीच के ओवरों में क्रुणाल पांड्या के तीन विकेट लेने से एलएसजी ने खुद को मजबूत स्थिति में पाया।

## शब्द सामर्थ्य -021

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 020 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.021

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.020 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 10 अप्रैल 2024

## महाराष्ट्र के राज्यपाल बैस पार्श्व तीर्थ नगपुरा पहुंचे

**दुर्ग (विसं)।** महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस आज दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ पहुंचे। उन्होंने यहां पर सहपरिवार भगवान श्री पार्श्वनाथ का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और मंदिर भ्रमण किया। यहां पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये। राज्यपाल श्री बैस मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित गौ-शाला का भी भ्रमण किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री गजराज पगारिया और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग पहल के लिए एनटीपीसी नवा रायपुर को प्राप्त हुआ स्वर्ण पदक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 07-08 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित 32वें कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन मीट-2024 में एनटीपीसी-नवा रायपुर को सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग पहल के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। निदेशक (मानव संसाधन) श्री दिलीप कुमार पटेल ने श्री सहदेव सेठी, वरिष्ठ प्रबंधक (नैगम संचार), एनटीपीसी नवा रायपुर को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) श्री एन श्रीनिवास राव; श्री हरजीत सिंह, कार्यकारी निदेशक- नैगम संचार; डॉ. अनिल कुमार डांग, महाप्रबंधक- मानव संसाधन, एनआरएचक्यू और श्री के एम प्रशांत, महाप्रबंधक (नैगम संचार) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह पुरस्कार विशेष रूप से आउटडोर प्रदर्शन और प्रदर्शनियों के माध्यम से कंपनी की ब्रांड पहचान को बढ़ावा देने में एनटीपीसी नवा रायपुर के प्रयासों को मान्यता देता है। रायपुर हवाई अड्डे के आगमन और प्रस्थान क्षेत्रों पर प्रदर्शन बोर्ड; रायपुर हवाई अड्डे के पास 1.7 किलोमीटर की दूरी पर ब्रांडिंग बोर्ड की स्थापना; नया रायपुर में यूनिपोल; एनटीपीसी नया रायपुर कार्यालय के पास चौराहे पर साइनेज और आईपीएस-2024, न्यू इंडिया फेस्टिवल जैसी प्रदर्शनियों और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईआईटी नया रायपुर, एनआईटी रायपुर, एआईएमए, अरेरा क्लब आदि में प्रमुख कार्यक्रमों में भागीदारी उल्लेखनीय है।

### रत्माला फाउंडेशन समलैंगिक समुदाय व ट्रांसजेंडर समुदाय के विकास में निभाएगा सक्रिय भूमिका

**रायपुर (विश्व परिवार)।** समलैंगिक समुदाय के विकास में सहयोगी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए रत्माला फाउंडेशन ने क्वीरगढ़ की पाचवीं वर्षगांठ में शामिल होकर उनके उत्साह को और दोगुना करते हुए उनके विकास में हमेशा सहभागिता की भावना को दर्शाया। मंगलवार की शाम को अनुपम गार्डन के पास ला पिनोज़ पिज़्ज़ा में क्वीरगढ़ के कार्यक्रम में समुदाय के लोगो का उत्साह देखते ही बनता था। इस समुदाय के लोग क्वीरगढ़ संगठन के बैनर तले एकत्र हुए और अपने-अपने हूनर का वहां उन्होंने बखूबी प्रदर्शन किया। क्वीरगढ़ की इस पांचवीं वर्षगांठ में रत्माला फाउंडेशन ने अपनी सक्रिय सहयोगिता दशाई है। ज्ञान से समृद्धी की ओर अपने इस ध्येय वाक्य के साथ रत्माला फाउंडेशन ने दो माह पूर्व ही इसका विधिवत संचालन शुरु किया। यह गैर सरकारी संगठन है जिसने समलैंगिक समुदाय के विकास में कार्य करने की अपनी इच्छा शक्ति जताई है। समलैंगिक समुदाय की शिक्षा, रोजगार और उन्हें समाज में एक सम्मानजनक मंच प्रदान करने के लिए रत्माला फाउंडेशन ने दो माह पूर्व अपनी यात्रा की शुरुआत की है।

**क्वीरगढ़ ने अपनी पाचवीं वर्षगांठ का जलसा उत्साह के साथ मनाया**

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर सामाजिक सरोकार : महिलाओं ने बर्तन और स्टेशनरी का किया दान, दिव्यांगों और जरुरतमंदों को करवा रहे प्रतिदिन भोजन












### रिमझिम बारिश में भी प्रातः प्रभात फेरी में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं सकल जैन समाज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय प्रभात फेरी में आज चतुर्थ दिवस पर प्रभात फेरी समता भवन टाटीबंध मेन रोड होते हुए टाटीबंदा गुरुद्वारा के पास से टाटीबंध स्थित किड्जी स्कूल टाटीबंध तक निकाली गई आज की प्रभात फेरी में बच्चे विभिन्न वेशभूषा धारण कर प्रभात फेरी के आगे जियो और जीने दो का जयघोष करते चल रहे थे। रिम झीम बारिश के बाद भी प्रभात फेरी में आए सकल जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ का उत्साह कम नहीं हुआ। बारिश की परवाह न करते हुए आसपास में निवासरत् क्षेत्रीय जैन समाज के संघ सदस्यों ने अपना उत्साह व कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य समय व योगदान दिया। यह प्रभात फेरी का आयोजन श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है।प्रभात फेरी पश्चात ब्लड डोनेशन कैंप का योजन प्रतिदिन किया जा रहा है जिसमे 6 अप्रैल से आज दिनांक 9 अप्रैल तक कुल 50 लोगो ने जीवनदाता रक्त का दान कर अपना पुण्य प्रबल किया है।

आज 9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में श्री दिगंबर जैन महिला मंडल मालवीय रोड द्वारा लगभग 300 लोगो को भोजन वितरण मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहर किया गया एवं एस.ओ.एस. संस्था में जरूरतमंदों को स्टेशनरी कॉपी जैसी आवश्यक वस्तु का भी वितरण किया जिसमे आज कुल 500 नोट बुक का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में जया जैन, संध्या जैन दीप्ति जैन मेघना जैन मधु मोदी रोहित जैन कविता जैन अलका जैन रश्मि जैन रेखा जैन ममता जैन शालू जैन सौम्य जैन विशेष रूप से उपस्थित थी। दोपहर 2.50 बजे प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल में ब्लाइंड बच्चो को शुद्ध भोजन करवाया जिसमे संध्या जैन, रेखा जैन, वर्षा जैन, प्रीति जैन, सुगंधी जैन, संगीता जैन, ममता जैन, संध्या ब्रह्मपुरी, आभा जैन, सुनीता जैन, रजनी जैन, मंदा जैन, सोनम जैन, अंजू जैन, ममता जैन, ज्योति जैन, बेबी जैन, लता जैन, अलका जैन विशेष रूप से उपस्थित थी।



दोपहर 2.30 बजे लोढ़ा विंग्स ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवाकानंद नगर में करे तीर्थंकर की सैर धार्मिक गेम का आयोजन किया गया जिसमे 3 राउंड खेले गए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम में श्वेता लोढ़ा, विजय लोढ़ा, ममता लोढ़ा, निष्ठा, योगिता, ज्योति आदि विशेष रूप से उपस्थित थी।

दोपहर 2.30 बजे श्री जिनकुशल सज्जन महिला मंडल गुड़ियारी द्वारा धार्मिक थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एम.जी रोड स्थित जैन दादा बड़ी में रखा गया था जिसमे कुल 20 बच्चो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विमला दुग्गड, कंचन चोपड़ा, ममता पारख आदि उपस्थित थी।

दोपहर 3 बजे सज्जन महिला मंडल गुड़ियारी द्वारा आओ खेले अंको का खेल गेम का आयोजन किया जाएगा जैन दादा बाड़ी में आयोजित किया गया जिसमे धार्मिक थीम पर हाऊजी का आयोजन किया गया एवं धार्मिक सवाल जवाब के द्वारा गेम खिलाया गया जिसमे रश्मि खाटेड, नंदा बोथरा, निर्माण दुग्गड, सपना झामर, शोभना बोथरा उपस्थित थी।

शाम 4 बजे श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डी. डी. नगर द्वारा ड्राइंग एवं आरती सजाओ का कार्यक्रम डी. डी. नगर स्थित वासुपुजय दिगंबर जैन मंदिर हाल में रखा गया था जिसमे 4 वर्ष से लेकर 14 साल के बच्चो ने भाग लिया एवं महिलाओं द्वारा आरती की थाली सजाओ में भाग लिया गया सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

## रायपुर रेल मंडल के सिलयारी एवं मांढर रेलवे स्टेशनो के बीच लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर डी लॉन्चिंग एवं तीसरी लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य, कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मण्डल के सिलयारी-मांढर रेलवे स्टेशनो के बीच लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर डी लॉन्चिंग एवं तीसरी लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य सहित अनेक कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को 00.00 बजे से 03.25 बजे तक ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा।

लेवल क्रोसिंग पर गर्डर डी लॉचिंग से आने वाले दिनों मे सड़क मार्ग उपयोगकर्ता को ट्रेन परिचालन के दोरान लेवल क्रॉसिंग गेट पर रुकने की अवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार इससे रेल परिचालन भी निर्भय एवं संरक्षित होगा

इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जानकारी इस प्रकार है :-

रद्द होने वाली गाडियां- दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को रायपुर से चलने वाली 08728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को गेवरा रोड से चलने वाली 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर-मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 11 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 11 अप्रैल, 2024 को इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाड़ियां- दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को झारसुगुड़ा एवं गोंदिया से चलने वाली 08862 /08861 झारसुगुड़ा-गोंदिया- झारसुगुड़ा मेमू पैसेजर स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।

### मंडल के JSPL केबिन में चौथी लाइन कनेक्टीविटी हेतु एनआई कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है 7 इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़-किरोड़ीमल स्टेशनों के मध्य स्थित छ्रस्क्ककेबिन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। विवरण इस प्रकार है-

**रद्द होने वाली गाडियां-** दिनांक 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08736/08735 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

**रास्ते में समाप्त/प्रारंभ होने वाली गाड़ी-** दिनांक 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसीप्रकार 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## 1967 के बाद चेट्रीचंड्र-सिंधीयत दिवस एक साथ, दुल्हन की तरह सजा लाखेनगर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, सिंधी समाज रायपुर की इस वर्ष की महोत्सव संबंधी अंतिम व प्रमुख बैठक पूज्य संत कंवरराम धर्मशाला लाखेनगर चौक में रात्रि 8-10 बजे सम्पन्न हुई। आज की प्रमुख प्रेसवार्ता में विस्तृत चर्चा करते हुए समिति के प्रवक्ता दिनेश कुमार अठवानी ने बताया, ऐतिहासिक संयोगवश सिंधी भाषा को आठवीं अनुसूची के अंतर्गत संवैधानिक मान्यता मिलने वाले दिन (10अप्रेल 1967) की तरह इस वर्ष भी सिंधीयत दिवस एवं चेट्रीचंड्र महोत्सव एक ही दिन 10अप्रेल को मनाया जा रहा है।



10 अप्रेल, दिन बुधवार प्रात: 7बजे बहराणा साहेब को दुग्धाभिशेक द्वारा स्नान कराया जाएगा। इसके बाद मुखी मनूमल, डॉ. भीमनदास बजाज, लखमीचंद- लालचंद गुलवानी, झामनदास अठवानी, बालकृष्ण प्रीतवानी, भारत चंदवानी, करतार किराना, सतराम बजाज, मोटूमल अडवानी आदि ने द्वारा पूजा पाठ कर पंजड़ा गाने की परम्परा को कायम रखा है। दोपहर 12-3 बजे तक आम भंडारा आयोजन हेतु समिति राजू तारवानी, अशोक कुकरेजा, ओमप्रकाश सोनेजा, प्रताप पिंजानी, सुनील बजाज गठित की गई है, जिसमें 20,000 श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। तत्पश्चात संध्या 4बजे संत सानिध्य शदाणी दरबार के संत शिरोमणि साईं युधिष्ठिर लाल, देवपुरी दरबार गोदड़ी धाम की अमां मीरा देवी, छग सिंधी साधु समाज के अध्यक्ष मुरलीधर उदासीन, सिंधी महाराज मंडल रायपुर के अध्यक्ष पं.चंदन शर्मा, जोनल इंचार्ज निरंकारी संत महात्मा गुरूबख्श सिंह कालरा एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, आनंद कुकरेजा, प्रदेश भाजपा महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, छग चेम्बर आफ कामर्स के वर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी, छग सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, सीए चेतन तारवानी, अध्यक्ष पीएचडी चेम्बर शंकर बजाज, मीडिया प्रभारी भाजपा छग अमित चिमनानी, पूर्व पार्षद दीपक कृपलानी, पार्षद व एमआइ सी सदस्य अजीत कुकरेजा, राजेश वासवानी, आदि वरिष्ठ गणमान्य की उपस्थिति में हिंदू विधि विधान से संत युधिष्ठिर लाल जी, अमां मीरा गोदड़ी धाम व 11 कन्याओं द्वारा 11 शंखों की शंखध्वनि व गायत्री मंत्र के शुद्ध उच्चारण पश्चात हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना की जाएगी। झांकियों में सर्वप्रथम व्यापार में बरकत भरी बहराणा साहब की झांकी, मछली पर सवार भगवान झूलेलाल की अनेक झांकिया, राममंदिर अयोध्या के बेहतरीन प्रदर्शन व चित्रण द्वारा भगवान राम दरबार की प्रमुख झांकी, सिंधी युवा शहीद हेमू कालाणी के जीवन चरित्र पर आधारित झांकी, सजीव झांकियां- 40 सदस्यीय आदिवासी नृत्य करते सराइपाली की टीम, भगवान शिव की टोली तांडव नृत्य करते हुए, साईं बाबा की सजीव झांकी, आदि प्रमुख झांकियां शोभायात्रा की रौनक बढ़ाएंगी। शोभायात्रा संचालक समिति- दीपक कृपलानी, महेश पृथवानी, दिनेश अठवानी, बलराम मंधानी, मनीष वाधवानी, दीपक डोडवानी, जय केसवानी, राकेश डेंगवानी, मुखीगण-श्याम रूपरेला, मोटूमल अडवानी, प्रेम बिरनानी, अच्चूमल गावरी, बालचंद असरानी, मुरली केवलानी, श्याम जेवानी, आदि भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान प्रमुख समितियों द्वारा भव्यतम स्वागत किया जाएगा- श्री झूलेलाल नवयुवक संघ, नहरपारा पंचायत द्वारा, पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर, छग सिंधी कल्याण समिति व सिंधी काउंसिल आफ इंडिया छग द्वारा रविभवन जय स्तम्भ चौक पर, पूज्य छत्तीसगढ सिंधी पंचायत द्वारा किरण बिल्डिंग्स के ठीक सामने, जयस्तम्भ चौक, सिंधु शक्ति क्लब शारदा चौक आदि द्वारा प्रमुख रूप से किया जाएगा। इस वर्ष प्रशासनिक मंजूरी के अनुसार भव्यतम शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान सम्पूर्ण जानकारी देते हुए चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, के प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने आगे बताया, भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस (चैत्र मास के प्रथम दिवस) पर प्रात: 8 बजे के पूर्व नगर की सभी पंचायतों की झांकियां लाखेनगर फुटबाल ग्राऊंड पर आकर एकत्रित होंगी। संध्या 5 बजे लाखेनगर फुटबाल ग्राऊंड से निकलकर शोभायात्रा लाखेनगर से निकलकर, पुरानी बस्ती, कंकालीपारा, तात्यापारा, बढ़ई पारा, रामसागर पारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका, स्टेशन रोड, संजय गांधी चौक नहरपारा, प्रशासनिक सहमति के आधार पर दुकानें बंद होने के बाद रात्रि 9 बजे गुरुनानक चौक, एमजी रोड, शारदा चौक, जय स्तम्भ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदरबाजार, बूढ़ातालाब, पुरानी बस्ती होते हुए लाखेनगर मैदान पर आकर प्रशासनिक सहमति आधार पर रात्रि 10 बजे ध्वनि बंदकर सम्पन्न हो जाएगी।

## पीएम मोदी को डिफाल्टर कहकर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ी : शिवरतन शर्मा

- 2018 के अपने घोषणा पत्र के वादे पूरी नहीं करने पर क्या चरण दास महंत भूपेश बघेल को डिफाल्टर बोलेंगे? : शिवरतन शर्मा
- पीएम मोदी की अधिकांश गारंटियों को प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार ने महज तीन माह में पूरा कर दिया है
- कवासी लखमा का बयान साफ बता रहा है कि टारगेट किलिंग किनके इशारो पर हो रही है



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का मानसिक संतुलन ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद फिर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लेकर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है। इसकी शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर उन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद भी महंत और कांग्रेस पार्टी के नेता आए दिन पीएम मोदी को सिर फोड़ने, गाली देने सहित उनके व्यक्तिव को लेकर अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे है। इसके लिए चरण दास महंत जी आप कब माफ़ी मांगेंगे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चरणदास महंत से सवाल पूछते हुए कहा कि 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो वादे किए थे उसे पूरा नहीं किया तो क्या उसके लिए भूपेश बघेल को डिफाल्टर कहेंगे? क्या वादे पुरे नहीं करने के लिए चरणदास महंत सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को डिफाल्टर कहेंगे? क्या झूठे वादे करके सत्ता पाने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चरणदास महंत डिफाल्टर कहेंगे? उन्होंने कहा कि हाथ में मैया गंगा की सौगंध खाने वाली कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। इसके साथ ही बेसहारा महिलाओं को 500 रुपए पेंशन वादा भी पूरा नहीं किया। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस झूठे जनघोषणा पत्र से पहले वोट लेती है फिर सत्ता में आने के बाद लूट खखोट और भ्रष्टाचार में जुट जाती है। प्रदेशवासियों के साथ धोखा देने वाली कांग्रेस पार्टी बहुत बड़ी धोखेबाज और डिफाल्टर है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की अधिकांश गारंटियों को प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार ने महज तीन माह में पूरा कर दिया है। भाजपा की सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसानों को 17 हजार करोड़ रुपए धान के पिछले दो वर्षों के बकाया बोनस एवं अंतर की राशि के लिए किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दिया है। महतारी वंदन योजना की दो किश्तों का भी भुगतान कर दिया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रुपए में करने की घोषणा भी कर दी हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को बनाने की स्वीकृति दे दी गई हैं। इसके साथ ही बाकी वादों को जल्द ही पूरा करेंगे। इस बात को कांग्रेस पार्टी समझ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी अब चुनाव लड़ने के बजाए बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दुष्प्रचार कर रही है और जब जनता कांग्रेस के दुष्प्रचार को समझ गई है तो कांग्रेसियों ने अब गाली देना शुरू कर दिया है।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354